
हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शनिवार 22 जून 2024

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]







# नहीं थम रहा सफाई ठेके का विवाद, टेंडर खुलने से पहले ही टला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के 27 वार्डों को साफ रखने के लिए होने वाले ठेके को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पहले नियमों को ताक पर रखकर प्रक्रिया करने को लेकर महापौर सहित कांग्रेसियों ने इसका विरोध किया, और अब जब शुक्रवार को टेंडर खोला जाना था तो भी इसमें नया विवाद सामने आ गया है। जिसके चलते टेंडर नहीं खोला जा सका, अब नई तारीख तय कर यह प्रक्रिया की जाएगी।

सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोपहर करीबन 12 बजे सफाई ठेके को लेकर टेंडर प्रक्रिया पूरी की जानी थी। मजेदार बात यह है कि टेंडर खोले जाने की सूचना स्वास्थ्य विभाग के एमआईसी चेयरमेन को ही नहीं दी गई थी, उन्हें भी निगम के अफसरों द्वारा सुबह साढ़े 10 बजे फोन कर इसकी सूचना दी गई। इसके बाद निगम में जब यह प्रक्रिया शुरु हुई तो सबसे पहले ऑनलाइन आए टेंडरों के संबंध में कहा गया कि उनके दस्तावेज जांच कर लिए जाए। इसी बीच सवाल उठे कि जिन लोगों ने टेंडर डालने के लिए फार्म ऑफलाईन लिए है, उन्होंने कब निगम से फार्म लिए उसकी जानकारी साझा की जाए। मौके पर मौजूद निगम के डिप्टी कमिश्नर और स्थापना विभाग के कर्मचारी इसकी जानकारी ही नहीं दे पाए कि कब किसने फार्म लिया है। बताया गया कि जिस रजिस्टर में फार्म लेने वालों की एंट्री की गई थी, उसमें तारीख ही अंकित नहीं थी। ऐसे में आरोप लगा कि आचार संहिता के दौरान ही भाजपा नेताओं के दबाव में फार्म भरवाया गया है।

## आचार संहिता में बांटे टेंडर के फार्म, निर्वाचन आयोग से शिकायत की तैयारी

### पहले दिन से प्रक्रिया पर उठे सवाल

सफाई ठेके को लेकर फरवरी के अंतिम दिनों में शुरु हुई टेंडर प्रक्रिया को लेकर पहले ही दिन से विवाद शुरु हो गया है। इस बार से पहले तक यह पूरी प्रक्रिया स्वास्थ्य विभाग के जरिए होती थी, लेकिन पहली दफा टेंडर की प्रक्रिया स्थापना विभाग के द्वारा की गई। इसके अलावा हर वार्ड की अलग टेंडर फाईल बनाई जाती थी, लेकिन अफसरों ने इस बार एक ही फाईल में पूरे वार्ड की टेंडर प्रक्रिया कर दी है। वहीं इस बार किए गए नियमों में बदलाव में भी गड़बड़ी की शिकायत सामने आई है। यहीं कारण था कि महापौर हेमा देशमुख ने भी इस पूरी प्रक्रिया को एमआईसी की बैठक में रद्द करने की बात कही थी।

### नहीं हो पाया टेंडर

शहर के 27 वार्डों में सफाई ठेका देने के लिए शुक्रवार को टेंडर किया जाना था, लेकिन यह प्रक्रिया नहीं की जा सकी है। अब अगली तारीख पर यह प्रक्रिया होगी।

**गणेश पवार**, एमआईसी चेयरमेन



### अफसरों के खिलाफ जांच की मांग

टेंडर बैठक के दौरान ही निगम के अफसरों से सवाल किया गया कि ऑफलाईन फार्म भरने वाले लोगों ने कब निगम से फार्म लिया। इस सवाल का जवाब निगम के अफसर नहीं दे पाए। ऐसा आरोप लगाया जा रहा है कि फार्म को आचार संहिता के दौरान ही बांट दिए गए, जबकि नियम अनुसार ऐसा नहीं हो सकता है। बताया जा रहा है कि इस मामले में कांग्रेसी पार्षद निर्वाचन आयोग से भी शिकायत करने की तैयारी में है। निगम के अफसरों की लापरवाही के खिलाफ जांच की मांग की जाएगी।

---

## पीएम आवास बनाने ग्रामीणों ने डंप की थी रेत, एसडीएम के आदेश पर उठे सवाल

# खनिज अधिनियम की बजाए शांतिभंग की धारा में कर दी सैकड़ों हाईवा रेत की जब्ती


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

**हरिभूमि फॉलोअप**

डोंगरगढ़ के मुड़पार गांव में एसडीएम द्वारा सैकड़ों हाईवा रेत की जब्ती के लिए लगाई गई धाराओं पर भी सवाल खड़े किए जा रहे है। पीएम आवास के इंतजार में ग्रामीणों द्वारा डंप कर रखी गई रेत की जब्ती से जहां बवाल मचा हुआ है वहीं खनिज अधिनियम की बजाए गांव में शांतिभंग होने की आशंका दिखाकर की गई इस कार्रवाई से शासन को भी राजस्व का नुकसान हो गया है। इस मामले में प्रशासन ने जांच के आदेश जारी कर दिए है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि जांच में कई तथ्यों का खुलासा हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि डोंगरगढ़ के मुड़पार गांव में ग्रामीणों ने पीएम आवास के लिए रेत को डंप कर रखा हुआ था। शासन द्वारा पीएम आवास के लिए निशुल्क रेत दिए जाने का आदेश जारी होने के चलते ग्रामीणों ने इसे डंप किया हुआ था। एसडीएम ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 133 सहपठित धारा 145 का प्रयोग करते हुए सैकड़ों घन मीटर रेत को जब्त करने का आदेश जारी कर दिया। इस धारा का उपयोग हमेशा शांति भंग होने की स्थिति पर किया जाता है, लेकिन ऐसा पहली बार हुआ है जब बड़े पैमाने पर रखी गई रेत से प्रशासन को शांतिभंग होने की आशंका दिखी। जानकारों की माने तो एसडीएम को खान एवं खनिज विकास अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 ख के तहत जब्ती की कार्रवाई करते हुए इसे खनिज महकमे के सुपुर्द करना था। खनिज विभाग द्वारा कलेक्टर की अनुमति लेकर ही इसकी नीलामी की जाती। जिससे शासन को अच्छा खासा राजस्व भी मिलता, लेकिन बिना किसी नीलामी के रेत को निजी हाथों को सौंपे जाने से अब विवाद की स्थिति निर्मित हो गयी है।

■ शिकायत के बाद अपर कलेक्टर की अगुवाई में शुरू हुई जांच, अफसर और सप्लायर से बयान



### कार्रवाई से बचने चालान जमा

इस पूरे मामले के पर्दाफाश होने के बाद कार्रवाई से बचने के लिए सप्लायर द्वारा आनन फानन में खनिज विभाग के पास चालान के जरिए राशि जमा किए जाने की जानकारी भी सामने आ रही है। हालांकि यह पता नहीं चल सका है कि आखिर निर्धारण की प्रक्रिया किसके द्वारा और कब की गई? ऐसी चर्चा है कि मामले को रफा दफा करने की कोशिशें भी शुरू हो गयी है।

### ग्रामीणों ने नहीं की थी शिकायत

मुड़पार के आसपास स्थित ग्रामीणों से जब हरिभूमि ने बातचीत की तो उनका कहना था कि पीएम आवास के लिए उन्होंने रेत को रखा हुआ था। प्रशासन ने गांवों में मुनादी कराए बगैर ही रेत को जब्त कर लिया। ग्रामीणों का कहना था कि किसी भी ग्रामीण ने प्रशासन से यह शिकायत भी नहीं की थी कि डंप रेत से गांवों में शांतिभंग हो रही है। इस कार्रवाई पर ग्रामीणों में अच्छा खासा गुस्सा भी दिखाई दे रहा है।

### जांच टीम ने दी डोंगरगढ़ में दबिश

इस पूरे मामले को कलेक्टर संजय अग्रवाल ने काफी गंभीरता से लिया है। उन्होंने मामले के संज्ञान में आते ही जांच के आदेश जारी कर दिए है। वहीं एसडीएम उमेश पटेल को नोटिस भी जारी की गई है। बताया जाता है कि जांच टीम ने गुरुवार की शाम डोंगरगढ़ पहुंचकर अपनी जांच पड़ताल भी शुरू कर दी है। शुक्रवार को भी कलेक्ट्रेट में दिनभर जांच अधिकारियों द्वारा इस प्रक्रिया के दस्तावेजों को खंगालने का काम किया गया।

---

# कई माह से वेतन नहीं, आक्रोशित कर्मियों ने विरोध में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रकोष्ठ ने शुक्रवार से कलेक्टोरेट के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर अपनी आवाज बुलंद की।

प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले आयोजित अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि उन्हें कई महीनों से कार्य आधारित वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है। वहीं उन्होंने अपनी दूसरी मांग के तहत बताया कि वह ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर काम कर रहे हैं, लगभग तीन से पांच गांव कव्हर करते हैं, इस दौरान उन्हें मुख्यालय में रहने कहा जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने मांग रखी है कि उन्हें 8 किलोमीटर के दायरे में रहने की अनुमति दी जाए, वहीं उनका स्थानांतरण गृह जिले में किया जाए। इसके अलावा अपने एक अन्य साथी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी पवन वर्मा की बर्खास्तगी को बहाल करने की मांग रखी है।

### मुख्यालय में रहने के आदेश पर भी दिखाई नाराजगी



### आर्थिक संकट के हालात

इस अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी इरशाद बानो ने कहा कि कार्य आधारित वेतन भुगतान नहीं होने से काफी परेशानी हो रही है, वहीं उन्होंने कहा कि हमें ग्रामीण मुख्यालय में रहने कहा जा रहा है। हमारा मुख्यालय जंगली पहाड़ी एरिया है, जहां महिला का अकेले रहना मुश्किल है।

### जमकर नारेबाजी

अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों ने जमकर नारेबाजी भी की। इस दौरान जिलाध्यक्ष हंसाराम, श्रीमती दुर्गेश नंदनी श्रीवास्तव, विनोद रावटे, हरिओम शर्मा, हेमंत साहू, अंजली वर्मा, चित्रलेखा, मनिषा वर्मा, प्रियंका वर्मा, आंचल साहू, तामेश्वर वर्मा, लुमेश्वरी वर्मा, तेजेश्वनी वर्मा, रिकीं वर्मा आदि उपस्थित थे।

### ग्रामीण इलाकों की स्वास्थ्य व्यवस्था ठप

राजनांदगांव जिले में लगभग 100 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी हैं जो दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करते हैं। वही अपने मुख्यालय में ओपीडी भी संभालते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रत्येक गांव में जाकर दो-दो दिन स्वास्थ्य सेवाएं दी जाती है। इसके साथ ही दवाई और गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी सहित अन्य चिकित्सा कार्यों को अंजाम दिया जाता हैं। ऐसे में अब उनके हड़ताल पर चले जाने से दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा बदहाल होगी।

---

## घर का ताला तोड़ नकदी सहित सामान चोरी

**राजनांदगांव।** घर का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी रकम सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डुमरडीहखुर्द के एक घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने घर का सामान बिखेरकर गैस टंकी-चूल्हा, मोना ब्लॉक मोटर पंप, नगदी रकम 3 हजार रुपए एवं दस्तावेजों को चोरी कर लिया। गत दिवस हुए इस घटना की रिपोर्ट प्रार्थी टेकसिंह मांडले ने दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## कबीर जयंती आज

**राजनांदगांव।** स्थानीय बजरंगपुर नवागांव में नगर इकाई साहू समाज एवं वार्डवासियों के द्वारा 22 जून को कबीर जयंती उत्सव मनाया जायगा। कर्मा सामुदायिक भवन में दोपहर 1 बजे भजन कीर्तन एवं प्रवचन विजय साहेब ईराइकला, दोपहर 2 बजे दिव्य प्रवचन महात्मा लेखचंद साहेब मुरमुंदा रायपुर द्वारा 4 बजे चौका आरती व शाम 6 बजे भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, विशेष अतिथि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव तथा पूर्व सांसद अभिषेक सिंह होगें। समाज के अध्यक्ष अनिल साहू ने समस्त वार्डवासियों से सतसंग का लाभ उठाने की अपील की है। उक्त जानकारी योगेश साहू ने दी।

## आज से बढ़ेगी बारिश की गतिविधियां, अंधड़ के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश के अधिकांश इलाको में मानसून ने अपनी दस्तक दे दी है। अंचल में भी मानसून के सक्रिय होने के बाद से ही बारिश का दौर शुरु हो गया है। आज से अगले पांच दिन इसमें और इजाफा होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा नवसारी, जलगांव, मण्डला, पेण्ड्रारोड, झारसुगड़ा, बालासोर, हल्दिया, पकुर, साहिबगंज, और रक्सौल है। दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। प्रदेश में अगले 3 से 4 दिनों में मानसून के और अधिक क्षेत्रों में सक्रिय होने की संभावना है। एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका राजस्थान से मणिपुर तक 0.9 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसके चलते प्रदेश में कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। 1-2 स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा अंधड़ चलने की भी संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है ।

## कथा के दौरान बिछड़े नाबालिग को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

- परिजनों ने जताई खुशी, पुलिस का किया आभार व्यक्त
- पुलिस की बनाई गई थी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई

गंडई में चले रहे शिव महापुराण के दौरान कथा सुनने आए एक परिवार के नाबालिक गुम हो गई थी। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने नाबालिग को खोजकर उसके परिजनों से मिलाया।

गंडई नगर में चल रहे शिव महापुराण कथा में 19 जून को कथा सुनने आए ग्राम देवपुरा के ग्रामीण ने थाना में सूचना दिया कि उसकी बच्ची कुमारी पल्लवी निषाद पिता राजाराम निषाद 6 साल साकिन देवपुरा, जो साथ में कथा सुनने आई हुई थी, कहीं गुम हो गई है नहीं मिल रही है। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पांडेय के निर्देशन में निरीक्षक भीमसेन यादव एवं सायबर सेल प्रभारी सउनि टैलेश सिंह के नेतृत्व में थाना स्टॉफ एवं सायबर टीम द्वारा गुम बच्ची के पता तलाश खोजबीन हेतु टीम तैयार किया गया और गुम बच्ची के मिलने संभावित स्थानों पर अलग-अलग टीम रवाना की गई। टीम द्वारा उत्कृष्ट पुलिसिंग एवं कार्यशैली का परिचय देते कथा पंडाल के आसपास एवं गंडई से पंडरिया रोड पर आने-जाने वालों से पूछताछ कर नाबालिग बच्ची पल्लवी निषाद 6 साल साकिन देवपुरा का पता तलाश कर उसके पिता राजाराम निषाद ग्राम देवपुरा के सुपुर्द किया गया है।










## खबर संक्षेप

### स्वच्छग्राही बहनों के स्वास्थ्य की जांच



**मोहला।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिल्हाटी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खड़खड़ी, मरारटोला, मोहगांव, चिल्हाटी, हालमकोड़ो, मिरचे, ओटेबांधा स्वाच्छग्राही दीदियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। उन्हे टिटनेस इंजेक्शन, बीपी जांच, सिकलिन टेस्ट एवं आयुष्मान कार्ड प्रदाय किया गया। स्वास्थ्य शिविर में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ आरएन धुर्वे, आकांक्षी ब्लॉक फेलो हेमंत सविता साहू, विकासखण्ड समन्वयक चन्द्रशेखर सिन्हा, तेजकरण करवाड़े उपस्थित थे।

### प्राथमिक शाला के शिक्षकों को एफएलएन प्रशिक्षण



**मोहला।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार प्राथमिक शाला के बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान विकसित करने के लिए एफएलएन कॉन्सेप्ट लाया गया है जिसके तहत मोहला विकासखंड की प्राथमिक शाला के शिक्षकों को 4 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण भाषा व गणित विषय में बच्चों के बुनियादी दक्षता हासिल करने के लक्ष्य को पुरा करने के उद्देश्य के लिए आयोजित किया। बीईओ मोहला राजेंद्र कुमार देवांगन ने शिक्षकों को एफएलएन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों व विभागीय कार्यो के बारे में चर्चा कर निर्देश दिया। बीआरसीसी खोमलाल वर्मा ने बच्चों के भाषायी कौशल विकास व संख्या ज्ञान बढाने के लिए शिक्षको को अभ्यास कार्यो पर फोकस करने कहा। प्रशिक्षण में डीआरजी के रूप मे दीपक राजपूत, सनत देवहरे, ललित साहू, आलोक मसीह, रमेश कोर्राम, रामप्रसाद घृतलहरे, हेमलाल साहू, अश्वनी देशलहरे, अमित बाम्बेश्वर, गिरीश वर्मा शामिल हुए।

### सदगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव पेंडरी में आज

**राजनांदगांव।** सुकूलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में स्थित ऐतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 22 जून को सदगुरु कबीर साहेब के 626 वां वर्ष प्राकट्य महोत्सव सभी भक्तों द्वारा सामूहिक मिलकर मनाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रातः गुरु महिमा पाठ, प्रातः संध्या वंदना कर प्रारंभ किया जाएगा। इस कार्यक्रम में आश्रम के पूज्य मंहत सेवादास साहेब के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर प्रारंभ किया जाएगा। तत्पश्चात संध्या शाम समय 5 बजे से संध्या पाठ, सत्संग भजन एवं आरती पाठ कर प्रसादी वितरण किया जाएगा। यह जानकारी सदगुरु कबीर आश्रम के प्रबंधक योगदास साहू ने दी है।

### निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु 30 तक पंजीयन

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पेंड्री राजनांदगांव में पंजीकृत व्यवसाय एसोसियेट डाटा एंट्री ऑपरेटर कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। एसोसियेट डाटा एंट्री ऑपरेटर कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने इच्छुक हितग्राही 30 जून तक शासकीय आईटीआई पेंड्री में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं।

### पंजीयन 30 तक

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पेंड्री राजनांदगांव में पंजीकृत व्यवसाय व सेक्टर आटोमोबाईल के टैक्सी ड्राईवर कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। टैक्सी ड्राईवर कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने इच्छुक हितग्राही 30 जून तक शासकीय आईटीआई पेंड्री राजनांदगांव में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन, सभी आयु वर्ग के लोगों ने कार्यक्रम में लिया हिस्सा

# लोगों ने जाना सेहत का राज, किया योगाभ्यास







हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल अ समबाए बकरकट्टा ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अबसर पर सेनानी अनंत नारायण दत्ता के मार्गदर्शन एवं सहायक सेनानी ऑगस्टिन बा के नेतृत्व में ग्रामीणों व स्कूली बच्चों के साथ जवानों ने योग किया। योग प्रशिक्षक सहायक उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद ने विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। योग से होने बाले फायदे के बारे में बताया। इस अवसर पर ग्रामीणों और स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर निरीक्षक जैकोब , देवेंद्र यादव, रेखा, शेषराम, भारत प्रसाद, ब्रम्हप्रकाश, पंकज राठौर, लक्ष्मी, सोनेलाल, नवकुमार दत्ता, राठौड़ नरेश, अंशु, राज सिंह, आदि मौजूद थे।

टिकरी पारा स्थित मंगल भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष पार्तिका महोबिया ने कहा कि योग प्राकृतिक तरीके से इलाज का तरीका है। जो व्यक्ति लगातार योग करता है वह बीमार नहीं हो सकता क्योंकि योग करने शरीर को स्फुर्ति मिलती है। योग समिति के सदस्य राजकुमार जैन ने कहा कि योग शरीर को तंदुरुस्ती प्रदान करता है। कार्यक्रम में जहां नागरिकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया वहीं शासकीय कर्मचारीयों की भीड़ रही। इस दौरान एसडीएम रेणुका रात्रे, जनपद सीईओ श्री राजपुत, सीएमओ कमल नारायण, तहसीलदार मोक्षदा देवांगन, छोटे राजा देवराज किशोर दास, संजय महोबिया, शांतिलाल जैन, कमलेश यादव, प्रेम श्रीवास, पीयूष तम्बोली, कन्या हायर सेकेंडरी स्कुल के प्राचार्य, विनय रामटेके, अशोक चंद्राकर, देव वैष्णव, अनुभा जैन, मोटू सांखला, रंजीता वैष्णव, दिलीप महोबिया, सूरज यादव, प्रशांत चंद्राकर, शरद श्रीवास्तव, मुकेश वैष्णव, भुपेन्द चौबे, प्रत्युश महोबिया, नंद चंदेल, राजेश वर्मा, भागी कुंभकार, सुनीता जैन, सरस्वती यादव, जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष सज्जाक खान, करण पाल ठाकुर आदि उपस्थित थे। संचालन अशोक चन्द्राकर और अंत में सीएमओ कमल नारायण जंघेल का आभार प्रकट किया। योगाभ्यास प्रशिक्षक मोहन जंघेल ने कराया।

### योग से देश बना विश्व गुरु : एडीजे दुबे

**डोंगरगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव की अध्यक्ष सुषमा सावंत, सचिव रात्रे के मार्गदर्शन में



व्यवहार न्यायालय परिसर में योगाभ्यास का आयोजन किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एडीजे अनीष दुबे, जेएमएफसी भूपत सिंह साहू एवं जेएमएफसी शैलेश कुमार वशिष्ठ ने योग दिवस मनाया। एडीजे ने बताया कि योग के मामले में भारत विश्व गुरू है। भारत ने योग को अंतरर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। कार्यक्रम में योग शिक्षक, अधिवक्ता, न्यायालयीन कर्मचारी आदि शामिल हुए। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में योग दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी वीर सिंह यादव के मार्गदर्शन में सर्वांग आसन, वज्रासन, पद्मासन, वृक्षासन, भुजंगासन, तितली आसन एवं प्राणायाम, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भस्त्रिका प्राणायाम आदि का अभ्याय कराया गया। प्राचार्य प्रकाश यादव ने कहा कि प्रतिदिन योग करने से रोग भागए जा सकते हैं। रेल्वे सामुदायिक भवन में योगाभ्यास विश्वनाथ यादव, गुलशन खांडेकर ने कराया। कार्यक्रम में वेलफेयर इंस्पेक्टर देवेंद्र साखरे, व्यवस्थापक एस.वेंकट स्वामी, आरपीएफ, इंजीनियरिंग, मेडिकल, ऑपरेटिंग, एसटी, टीआरडी, विद्युत सेक्शन के कर्मचारियों ने भाग लिया।

### शिविर में आयुर्वेदिक काढ़े का वितरण

**डोंगरगांव।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एसडीएम मनोज मरकाम के नेतृत्व में कृषि उपज मंडी परिसर में ब्लाक स्तरीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नागरिक, जन प्रतिनिधि,



अधिकारी- कर्मचारी तथा बच्चे सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गुप्ता, मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, पार्षद डिकेश साहू , प्रेम गोस्वामी आदि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। योग शिक्षक अलख राम साहू ने विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। इस मौके पर एसडीएम श्री मरकाम, श्री गुप्ता ने संबोधित किया।वन विभाग ने पौधे वितरित किए। आयुष विभाग ने काढ़ा, जनपद पंचायत तथा नगर पंचायत ने अंकुरित अनाज व पुदीना युक्त शीतल पेय का वितरण किया। धौराभांठा के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अंत में एसडीएम श्री मरकाम ने अतिथियों को शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। संचालन शिक्षक गजेन्द्र हरिहारनो, आभार ज्ञापन सीएमओ दादूसिंह पाल ने किया। इस मौके पर बीईओ आरएल पात्रे, एबीईओ रश्मि ठाकुर, श्री सोरी, आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य जयंत साहू, नायब तहसीलदार श्री सिद्धिक, झरना राजपूत, बीपीएम राकेश कर्रे, विनम्र जेमा, मनोज केसरिया, श्री देवांगन, सहायक सीईओ होरीलाल साहू सहित अन्य मौजूद थे।

**बुचीभरदा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला बुचीभरदा के शिक्षकों, शाला विकास समिति के सदस्यों एवं छात्र- छात्राओं ने विभिन्न आसनों के साथ योगाभ्यास किया। एसएमसी उपाध्यक्ष उत्तम कलिहारी ने योग के महत्व बताया। इस अवसर पर प्रधान पाठक राकेश सोनी, चांताराम साहू, चुनूराम साहू, टीकाराम साहू, उमेश्वर निषाद, विनोद चंद्राकर, रितुराज चतुर्वेदी सहित अन्य उपस्थित थे।

#### तालाब किनारे योगाभ्यास

**अर्जुनी।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर प्राथमिक शाला सुखरी मे प्रधान पठिका सपना भारद्वाज ने प्राकृतिक वातावरण के बीच ग्रामीणों को योग और आसनों का अभ्यास कराया। तालाब किनारे आयोजित कार्यक्रम में योग से जीवन मे आने वाले बदलाव और स्वास्थ्यगत लाभ के बारे में बताते हुए नियमित रूप से योग करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। इस दौरान प्रधान पाठक सपना भारद्वाज, गिरिजा साहू, सरपंच सुरेन्द्र गिर गोस्वामी, यशोदा, श्रीमती साहू, पंचायत सचिव भुआर्य गिर, रोजगार सहायक गोविंद सोरी, नूतन, सरस्वती निषाद, डगेश्वर साहू, मीना साहू, निर्मला, सुकली, सगाबाई, भगवंतीन, सोना, महरुराम, चित्ररेखा, तारिणी, होमेश्वरी, ठलेश, जास्मिन सहित अन्य उपस्थित थे।

**मोहला।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय मोहला के दशहरा मैदान में योगाभ्यास किया गया। मुख्य अतिथि अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी की उपस्थिति में अधिकारी-कर्मचारियों और नागरिकों ने योगाभ्यास किया। योगाचार्य उमाशंकर दिल्लीवार ने विभिन्न मुद्राओं में योगासन कराया। इस अवसर पर विधायक श्री उसेंडी ने कहा कि जीवन में स्वस्थ तन और स्वस्थ मन के लिए योग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग करने से निश्चित रूप से स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है। इस अवसर पर कलेक्टर एस जयवर्धन ने कहा कि जीवन को निरोग बनाने के लिए स्वच्छता और स्वास्थ्य आवश्यक है। जीवन को बिना किसी तनाव के दिशा देने के लिए योग आवश्यक है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने कहा कि योग के महत्व को समझते हुए विश्व में योग किया जा रहा है। योग से जीवन स्वस्थ रहता है। इस अवसर पर एसडीएम हेमेंद्र भुआर्य, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर, मदन साहू, नरसिंग भंडारी, शिव प्रकाश शर्मा, रतन तारम, योगेंद्र सिगने सहित अन्य उपस्थित थे।

#### योग को बनाएं जीवन का हिस्सा

**ठेलकाडीह।** योग दिवस के अवसर पर बखत रेंगाकठेरा में नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में युवक, युवतियों एवं बच्चों ने योग कर उसके महत्व को जाना। इस दौरान नेहरू युवा केंद्र के राज्य निदेशक श्रीकांत पांडे ने योग के महत्व को बताते हुए नियमित योग करने प्रेरित किया। योग शिविर में प्राचार्य विभा सोलंकी, सेवक राम साहू, बीएल साहू, विमला, गोविंद साहू, ज्योति वर्मा, तेजस्वी वर्मा, दीपक वर्मा, रुद्रा प्रसाद, डाकेश्वर वर्मा, सीमा साहू, कुंदन जंघेल, हर्ष जंघेल सहित अन्य उपस्थित थे।

**कल्लूबंजारी।** शाला प्रांगण में संकुल स्तरीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न शालाओं के शिक्षकों, पालकों एवं बच्चों ने लोम- अनुलोम, भ्रामरी, हस्त-ग्रीवा चालन के अलावा वज्रासन, शवासन, शशांक आसन,कटि आसन, भुजंग आसन, प्राणायम आदि का उत्साह के साथ अभ्यास किया।

इस अवसर पर गौतरहीन कुंजाम, मूलचंद मंडावी, दिनेश कुरेटी, जोगेश्वर लाहोत्रे, गजेन्द्र खिलोरिया एवं षटवदन ने अपने विचार रखे। इस मौके पर जय प्रकाश यादव, श्रीमती यादव, देविका मंडावी, लेखन्या पटेल, खोमिन मंडावी, खिलेश्वर चन्द्रवंशी, टिकेश्वर चन्द्रवंशी, अनिल साहू, अनुज यादव, दीपेश चन्द्रवंशी, खोमन चन्द्रवंशी के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।







### सांस्कृतिक दल राशि के लिए संपर्क करें

**मोहला।** आदिवासी संस्कृति का परीरक्षण एवं विकास योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए प्रत्येक विकास खंड से पांच आदिवासी सांस्कृतिक दलों को सांस्कृतिक परंपरा को बनाए रखने हेतु वाद्य यंत्र के लिए 10 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदाय किया जाएगा। जिले के आदिवासी सांस्कृतिक दल अपने विकासखंड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी जनपद पंचायत से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर प्रोत्साहन राशि हासिल कर सकते हैं।

## वन एवं राजस्व विभाग ने हटाया अतिक्रमण

**मोहला।** विकासखंड अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत चिल्हाटी में संजय पिता सहदेव वन विभाग की जमीन कक्ष क्रमांक 731 पीएफ की सीमा पर अतिक्रमण कर मकान निर्माण कर रहा था। वन विभाग द्वारा तीन बार नोटिस देने के बाद भी जब अतिक्रमकारी ने अतिक्रमण नहीं छोड़ा तो गुरुवार को वन एवं राजस्व विभाग ने कार्यवाही करते हुए निर्माणाधीन मकान को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। ग्राम के अन्य अतिक्रमणकारियों को दो दिनों की मोहलत देते हुए कहा गया कि उन्होंने अतिक्रमण नहीं हटाया तो विभाग द्वारा तोड़ने की कार्यवाही की जाएगी।




हरिभूमि पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082


### प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

# धान सूखत राशि दिलाने विधायक से मिले कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के सदस्यों ने विधायक इंद्रशाह मंडावी से मुलाकात कर विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी के संबंध में चर्चा किया।


कर्मचारी संघ ने ज्ञापन में बताया कि जारी वित्तीय वर्ष में धान खरीदी नीति के परिपालन में 2058 समिति के 2739 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी किया गया है। इसी कड़ी में नवीन जिला एमएमसी की 19 समितियों के 27 उपार्जन केंद्रों में शासन के लक्ष्य अनुसार



2171884.80 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया था परंतु लचर परिवहन व्यवस्था के चलते अब तक धान रखा हुआ है जबकि मानसून दस्तक देने वाला है।कर्मचारी संघ ने बताया कि धान खरीदी की कंडिका क्रमांक 17.4 के अनुसार बफर लिमिट पार होने के बाद 72 घंटे ले अंदर धान परिवहन किया जाना था एवं कंडिका क्रमांक 16.8 के अनुसार संपूर्ण धान का परिवहन 28 फरवरी 2024 तक किया जाना था किंतु विपणन संघ द्वारा समय पर परिवहन नही किए जाने के कारण धान के वजन में कमी आई है। अब कमी की भरपाई लिए समिति प्रबंधकों पर दबाव डाला जा रहा है।

#### धमकी से कर्मचारी परेशान

उन्होंने बताया कि निलंबन और एफआईआर किए जाने की धमकी के कारण समिति कर्मचारी मानसिक रूप से परेशान है जबकि धान परिवहन की संपूर्ण जवाबदारी विपणन संघ की होती है परंतु शासन प्रशासन के द्वारा उनको दोषी नहीं ठहराया जा रहा है।उन्होंने बताया कि विपणन वर्ष 2020-21 में भी धान का परिवहन नहीं होने के कारण धान के वजन में कमी आई थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सूखत मानकर 250 करोड़ का भुगतान किया था। इस वर्ष भी धान परिवहन समय पर नहीं होने के कारण सूखत की भरपाई करना चाहिए।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शहर के विभिन्न संस्थाओं में योग का आयोजन, बड़ी संख्या में किया योगाभ्यास

# मन, शरीर और स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन योग जरुरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शहर के विभिन्न शैक्षणिक एवं अन्य संस्थानों द्वारा योग प्रदर्शन व योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर योग के प्रति वक्ताओं ने प्रकाश भी डाला। शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में रासेयो इकाई द्वारा 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। वर्ष 2024 का थीम है समाज व राष्ट्र के लिये योग। योग प्रशिक्षक खुशबू साहू, नेहा सिन्हा, चमन वर्मा, चित्रा चंद्रकार, लोकनाथ साहू ने योगाभ्यास कराया। डॉ. सुमन सिंह बघेल प्राचार्य ने कहा कि योग शरीर, मन व बुद्धि को जोड़ता हैं, योग मानवता को भी जोड़ता हैं। हर व्यक्ति चाहता है कि रोग मुक्त हो, स्वस्थ जीवन हो, इसके लिए योग ही एक मार्ग है, सुखी जीवन प्राप्ति का मार्ग योग ही हैं।

### योग से भारत दुनिया का विश्व गुरु बनेगा: मधुसूदन



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला भारतीय जनता पार्टी ने पूरे जिलेभर में योग दिवस का आयोजन किया। जिले के सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों व मंडलों में अनेक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने भाग लिया। पार्टी की ओर से मुख्य कार्यक्रम जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में सुबह 7 से 8 बजे तक आयोजित था। इस समारोह के मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव ने इस अवसर पर कहा कि योग से ही भारत दुनिया का विश्व गुरु बनेगा। केंद्र में मोदी की सरकार आने के बाद योग के महत्व को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली, यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया और आज पूरे संसार में योग की धूम मची हुई है। योग के माध्यम से हम अपने शरीर को चिरंजीवी बना सकते है, बस इसको निरंतर प्रतिदिन करते रहने से हमें इसका लाभ प्राप्त होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने योग को हर व्यक्ति के लिये आवश्यक बताते हुये कहा कि हम सभी मिलकर इसके प्रसार का कार्य करें। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला भाजपा उपाध्यक्ष आभा तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में योग प्रभारी ममता अग्रवाल व दिलेश्वर साहू ने उपस्थित लोगों को योग की बारिकियों से अवगत कराया। इस दौरान प्रमुख रूप से शिव वर्मा, रघुवीर वाधवा, बंटी भाटिया, आकाश चोपड़ा, अजीत जैन, मणीभास्कर गुप्ता, राजेश यादव, राजेन्द्र जैन, देवशरण सेन, गोलू सूर्यवंशी, शैंकी बग्गा, उज्जवल कसेर, योगेश बागड़ी, सुमीत भाटिया, शेखर यादव, प्रखर श्रीवास्तव, ईशान शर्मा, दिनेश गुप्ता, नागवंशी सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग शामिल थे। पार्टी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार इसी प्रकार जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चे की ओर से शांति नगर, शंकरपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, जिसमें मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविन्द्र रामटेके, योग प्रशिक्षक नवीन राजपूत, दीपक शेण्डे, जितेन्द्र गेन्ड्रे, संकेत रामटेके, चन्द्रभान जंघेल, विनोद भारती, महेश मोहबे, प्रवेश झलंकर, मयंक मेश्राम उपस्थित थे। राजनांदगांव उत्तर मंडल की ओर से चिखली में कार्यक्रम आयोजित किया गया, दक्षिण मंडल की ओर से मोहारा वार्ड में जवाहर सिन्हा की व सनसिटी कॉलोनी में हरीश गांधी की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसी प्रकार जिलेभर के सभी मंडलों के अलग-अलग स्थानों पर योग के कार्यक्रम हुए जिसमें पार्टी के मोर्चा-प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं ने अपनी सहभागिता दिखाई।

### ब्रह्माकुमारी



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वरदान भवन लालबाग द्वारा आज योगा डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन ने योगा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान भागमभाग भरी जिंदगी में इंसान मानसिक एवं शारीरिक रूप से थक जाता है जिससे उसकी कार्य क्षमता कम हो जाती है ऐसी परिस्थिति में प्रातः काल जब हम योगा करते है तो इससे पूरे दिन भर के लिए हम मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त हो जाते है। योगाचार्य डॉक्टर रामभगत भाई ने उपस्थित सभी भाई बहनों को योगासन एवं प्राणायाम अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम एवं त्रिकोणासन, वृक्षासन, ताड़ासन इत्यादि का अभ्यास कराया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन, रंभा बहन, माहेश्वरी बहन, झिलेश्वरि बहन, सुनंदा बहन, खेमीन बहन, टोमीन बहन, ब्रह्माकुमार मुरलीधर सोमानी भाई, चैतराम भाई, दयाराम भाई एवं प्रातः मुरली सुनने आने वाले अनेक भाई बहन उपस्थित थे।

### गायत्री विद्यापीठ



गायत्री विद्यापीठ में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया जिसमें विद्यालय के प्राचार्यगण, शिक्षकवृंद एवं समस्त कर्मचारीगण शामिल होकर योग के आयोजन में शामिल होकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर के मार्गदर्शन में आयोजन किया गया। जिसमें सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने योग का लाभ उठाया। शाला की प्राचार्य द्वारा सभी को शुभकामनाएं देते हुए नियमित योग करने की प्रेरणा दी गई। उन्होंने कहा कि योग हमारे जीवन का आवश्यक अंग है। इसे हम अपने हृदय से आत्मसात करें और नियमित योग करने का संकल्प लें। उक्त जानकारी देते हुए शाला की व्याख्याता उषा झा ने बताया कि योग शिक्षिका भारती साहू के मार्गदर्शन में शिक्षकों को विभिन्न आसन प्राणायाम करवाए गए। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिक्षकों के साथ-साथ शाला के विद्यार्थियों द्वारा भी दस दिवसीय योग का शानदार ऑनलाइन प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष संध्या देवी सिंघल, राजेश जैन, सचिव गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, श्रीमती शैलजा नायर, पिंकी खण्डेलवाल, रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, अनिल वाजपेयी, अखिलेश मिश्रा, आदर्श गुप्ता, नीकिता यादव, अंजलि यादव, भारती साहू, सरिता, ओमवती सिंग एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### सनातन धर्म महासभा परिवार



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सनातन धर्म महासभा परिवार द्वारा शुक्रवार को झूलेलाल सिंधु भवन चौखड़िया पारा में सुबह 7 से 9 बजे तक योग टीचर प्रभा ठाकुर के सानिध्य में सामुहिक रूप से योग का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ सनातन धर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहां की भारतीय संस्कृति की प्राचीन एवं अमूल्य परंपरा जो शरीर व मन को निरोगी रखता है इसके नियमित अभ्यास से मनुष्य में एक नई आत्म चेतना जागृत होती है। प्रदेश महामंत्री सुषमा सिंह ने भी स्वास्थ्य के लिए योग प्रतिदिन करने को कहा। इसमें मुख्य रूप से मौसमी शर्मा, प्रियंक सोनी, ममता शर्मा, सविता जोशी, मधु अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल, राजेश शर्मा, भूतपूर्व सैनिकों सहित शिव वर्मा, राकेश ठाकुर, आहूजा व अत्यधिक संख्या में लोग शामिल होकर योग साधना का लाभ लिए।

### छुरिया आईटीबीपी



**छुरिया।** आईटीबीपी ने सामरिक मुख्यालय एवं विभिन्न सीओबी में योग दिवस मनाया। द्वितीय कमान अशोक कुमार के निर्देशन में आईटीबीपी परिसर में सामूहिक योग प्रदर्शन किया गया। आयुष मंत्रालय के प्रोटोकॉल अनुसार सूक्ष्म क्रियाएं, आसन, प्राणायाम, ध्यान आदि का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में वाहिनी कमाडेंट सिद्धार्थ कुमार सहित अन्य ने भाग लिया।

### युगांतर पब्लिक स्कूल

युगांतर पब्लिक स्कूल में इन्टरनेशनल योगा डे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की फिजिकल एजुकेशन की शिक्षिका तथा योग प्रशिक्षक वंदना सिंह ने बताया कि योग हमारे स्वास्थ्यवर्धक जीवन जीने की सुन्दर शैली है। अपने जीवन में नियमित रूप से योग को अपनाने से व्यक्ति लंबे समय तक सुखी निरोगी जीवन व्यतीत कर सकते हैं। उन्होंने विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया, जिसमें पर्वतासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, सुखासन प्रमुख रहे। इस आयोजन के अन्त में वंदना सिंह ने शिक्षिका तथा छात्राओं के साथ योगा की जानकारी देते हुए शानदार योग नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। स्पोर्ट्स तथा कम्प्यूटर डिपार्टमेंट के शिक्षक-शिक्षिकाओ तथा कला शिक्षक अजय चौरसिया, ज्ञानेश पटेल ने योग प्रभारी वंदना सिंह के मार्गदर्शन में इस आयोजन को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। योग ही



जीवन है सूत्र वाक्य के साथ समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने संस्था प्राचार्य मधु पी चौधरी के साथ विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम करते हुए प्रातः कालीन सुमधुर वातावरण के बीच योगा डे मनाया। संस्था के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स तथा स्पोर्ट्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया, पीआरओ, स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह ने इन्टरनेशनल योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी के स्वास्थ्यवर्धक जीवन की कामना की है।

### एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल बोरी



एनबी ग्रुप आफ स्कूल द्वारा, नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संस्था के सभी शाखाओं के शिक्षक शिक्षकाओं के लिए एक दिवसीय योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवास के अवसर पर एनबीआईएस के व्यायाम शिक्षकों ने योग से होने वाले लाभ को समझाया। साथ ही विभिन्न प्रकार के योगासन का संक्षिप्त परिचय देते हुए योगाभ्यास कराया गया। योग से न केवल शारीरिक अपितु मानसिक लाभ भी प्राप्त होता है। योग के निरंतर अभ्यास से शारीरिक दुर्बलता दूर होती है। योग आज की आवश्यक आवश्यकता है। योग दिवस के इस कार्यक्रम में संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, श्रीमती पुष्पा बाजपेयी, श्रीमती रेणु बाजपेयी, अकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती उर्मिला दीक्षित, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, नीरज पैरेंट्स प्राइड बल्देवबाग प्राचार्या श्रीमती ईला राठौड़, उपप्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लै, एचएम श्रीमती वैशाली सिंह, जयस्तंभ चौक एचएम श्रीमती स्नेहलता तिवारी, नीरज विद्या मंदिर डोंगरगांव प्राचार्या श्रीमती अंजुम जहान, नीरज फाउंडेशन स्कूल, खंडेलवाल कालोनी एचएम श्रीमती मधूजा महेश्वरी, नीरज माइल स्टोन स्कूल खैरागढ़ प्राचार्य अभिजित मुखर्जी, एनबीआईएस एडमिन नितिन चौहिन तथा सभी ब्रांचों के शिक्षक गण उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना

कॉन्फ्लुएंस कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आर्ट ऑफ लिविंग की योग प्रशिक्षक श्रीमती चौरसिया ने योग कराया। प्राचीन भारतीय परंपरा का एक अमूल्य उपहार, योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए सबसे भरोसेमंद साधनों में से एक के रूप में उभरा है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने योग के संबंध में कहा कि योग से हमें शक्ति, शांति और खुशी मिलती है। आज स्वयं और समाज के लिए योग की



थीम पर योग अभ्यास राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि योग अभ्यास के दोहरे लाभ पर जोर देता है। व्यक्तिगत कल्याण को बढ़ावा और बड़े पैमाने पर समाज में सुधार करना। योग प्रशिक्षक आर्ट ऑफ लिविंग के श्रीमती चौरसिया द्वारा योग मुद्राएं द्वारा मन की एकाग्रता, एनर्जी और शारीरिक, मानसिक ,आध्यात्मिक तौर पर मजबूत बनाने के लिए योगाभ्यास बताया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल एवं डॉ. मनीष जैन ने संयुक्त रूप से सबको योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत के संस्कृति भारत की परंपरा को गौरवान्वित करने का प्रयास योग है। यह नियमित रूप से करने पर व्यक्ति निरोगी होता है। योग अभ्यास शिविर में प्रीति इंदौरकर, राधेलाल देवांगन, देवराज साहू, रेखचंद साहू सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी तथा बीएड छात्र-छात्रा सहित नर्सिंग विभाग के विद्यार्थियों की उपस्थिति बड़ी संख्या में रही।

### जनकल्याण सामाजिक संस्थान



जनकल्याण सामाजिक संस्थान, राजनांदगांव के द्वारा संचालित लिंकवर्कर स्कीम परियोजना के अतंर्गत शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में राजनांदगांव ब्लॉक के ग्राम बखत रेंगाकठेरा में स्कूली छात्र-छात्राओं, ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि के साथ योग किया गया, जिसमें आयुर्वेद और ग्रंथालय के स्टॉफ द्वारा बताया गया कि वर्तमान में योग को शारीरिक मानसिक व आत्मिक स्वास्थ्य व शांति के लिए बड़े पैमाने पर अपनाया जाता है। इस अवसर पर योग शिक्षक दीपक वर्मा के द्वारा सुर्य नमस्कार, मुद्रासन, पदमासान, मन्द्रकोसन, प्रमुत्व आसन कराया गया व प्राणायाम भी कराया गया। कार्यक्रम में लिंकवर्कर परियोजना के सुपरवाईजर रेवा साहू लिंकवर्कर सीमा साहू, शाउमा शाला बखत रेंगाकठेरा के प्राचार्य विभा सोंलकी, प्राथमिक स्कूल के प्राचार्य मिला राम साहू, लीला राम साहू, छमा साहू, जितेन्द्र साहू एवं स्कूली छात्र-छात्राओं, ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### बैंक ऑफ बडौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान



बैंक आफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (बड़ौदा आरसेटी) बरगा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग किया गया। इस अवसर परं संस्थान के ऋषभ मिश्रा साथ ही संस्थान में संचालित ब्यूटी पार्लर प्रबंधन, सेलफोन रिपेयरिंग एवं कॉस्टयूम ज्वेलरी उद्यमी के लगभग 90 प्रशिक्षार्थी को मास्टर ट्रेनर द्वारा योग कराया व योग के लाभ के बारे में बताया गया।

### एनपीएस

**राजनांदगांव।** जिले के अग्रणी एवं प्रतिष्ठित स्थानीय शैक्षणिक संस्थान नीरज पब्लिक स्कूल के विशाल प्रांगण में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विश्व योग दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्या, शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित शाला परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा ध्यान के साथ विभिन्न योग मुद्राओं का प्रदर्शन किया गया। आयोजन के आरम्भ में शाला की प्राचार्या सुश्री भारती गौते ने योग एवं ध्यान की उपयोगिता रेखांकित करते हुए आज-कल की तनावपूर्ण जीवन शैली में इसे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया।

# अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों ने किया सामुहिक योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इंदिरा कला संगीत विवि परिसर मे पंडरिया विधायक भावना बोहरा के मुख्य आतिथ्य मे जिला स्तरीय योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिपं सभापति व जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, डीएफओ आलोक तिवारी सहित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिको और अधिकारियों-कर्मचारियों ने सामूहिक योग किया।

मुख्य अतिथि भावना बोहरा ने योग के शारीरिक और मानसिक लाभ पर जोर देते हुए कहा कि परिसर मे मौजूद बच्चों के शारीरिक लचीलापन और उनकी योगाभ्यास की क्षमता को देखकर यह स्पष्ट होता है कि हम अपनी दिनचर्या में योग को शामिल नहीं कर पाते। उन्होंने व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर योग करने विशेषकर महिलाएँ जो परिवार को जोड़ने में माहिर होती हैं, उन्हें भी अपने स्वास्थ्य के लिए योग को अपनाने कहा। भावना बोहरा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग विश्व स्तर पर स्थापित हुआ, योग भारत की देन है और इसे अपनाकर हम अपने देश के साथ न्याय कर सकते हैं। उन्होंने 21 जून को ही योग दिवस मनाने के पीछे का कारण बताते हुए कहा की 21 जून साल का सबसे बड़ा दिन होता है, जो हमारी आयु को लंबा करने का प्रतीक है। उन्होंने सभी से योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाकर और स्वस्थ, निरोग और दीर्घायु बनने कहा।



### शांति और संतुलन में सहायता करता है योग

विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने योग को प्राचीन संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बताते हुए कहा कि यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक और भावनात्मक संतुलन के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। व्यस्त जीवन में जब हम अपने कार्यों में उलझ जाते हैं, योग हमें अपने भीतर की शांति और संतुलन प्राप्त करने में सहायता करता है। शरीर को मजबूत और लचीला बनाने के अलावा योग हमे बीमारियों से दूर रखता है। मानसिक स्वास्थ्य को भी सुदृढ़ करता है, जिससे हम तनाव मुक्त और आनंदित रहते हैं। विद्यार्थियों के लिए, योग न केवल शारीरिक रूप से फिट रहने का साधन है, बल्कि यह मानसिक एकाग्रता और स्मरण शक्ति को भी बढ़ाता है। नियमित योगाभ्यास से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और धैर्य की वृद्धि होती है, जो उनके शैक्षणिक और व्यक्तिगत जीवन में सफलता की कुंजी है।

### सकारात्मक दिशा देने में सहायक है योग

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा की 21 जून का दिन पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत की अद्भुत खोज ने पूरे विश्व को इस बात का लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा की 15 मिनट साधना करे योग की, हमरा शरीर को और कोई दूसरा व्यायाम की आवश्यकता नहीं पड़ती। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना के लिए 2014 में उन्होंने पहल की और 2015 में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली। उन्होंने कहा की सबसे सुखी वही है जिसकी काया पूरी तरह से निरोग है। सुखी जीवन बिताने के लिए कुछ पल योग के लिए देना चाहिए। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन की पूरी टीम को बधाई दी। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने कहा की योग की अहमियत हमारे स्वास्थ्य व मानसिक संतुलन सहित मानसिक मन:स्थिति को सकारात्मक दिशा में ले जाने के लिए सहायता करता है। स्वस्थ शरीर के लिए दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय सामूहिक योग के साथ ही आज जिले के सभी ग्राम पंचायतों, अमृत सरोवरों के साइटों, स्कूलों, छात्रावासों और सार्वजनिक स्थलों में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। पूर्व विधायक श्री कोमल जंघेल ने योग को महत्व को बताते हुए सभी को नियमित योग करने की अपील की। इस अवसर पर योगाचार्यो के द्वारा उपस्थित लोगो को सामूहिक योगाभ्यास कराते हुए प्रत्येक आसनों के महत्व एवं उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी। योगाभ्यास की शुरुआत ओंकार मंत्र के साथ किया गया। इसके बाद सूक्ष्म व्यायाम, ग्रीवा चालन, हस्त चालन, स्कंध संचालन के पश्चात ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, उत्तानमंडूकासन, भुजंगासन, शलभासन, पवनमुक्तासन, शवासन के साथ-साथ प्राणायाम के अंतर्गत अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम कराया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, उप संचालक समाज कल्याण गणेश राम वर्मा, एसी ट्राइबल श्रीकांत देव शुक्ला, आबकारी अधिकारी डीगेश देवांगन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत छुरिया, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**-:: विज्ञप्ति ::-**

क्रमांक / 1005 / स्थापना / मतस्य / 2024-25

छुरिया / दिनांक 21/06/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, जनपद पंचायत छुरिया के अन्तर्गत आने वाले निम्नलिखित सिंचाई जलाशय को मछलीपालन हेतु 10 वर्षीय लीज पर आबंटित किये जाने हेतु पात्र हितग्राहियों / मछुवा समितियों से शासकीय नियम एवं शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किया जाता है:-

| स. क्र. | जलाशय का नाम | ग्राम | औसत जलक्षेत्र (हेक्टेयर में) | प्रस्तावित लीज राशि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दिवानटोला जलाशय | दिवानटोला | 15.950 | 24563.00 | |
| 2 | लाममेटा जलाशय | लाममेटा | 14.410 | 22191.00 | |
| 3 | केशोटोला, जलाशय | केशोटोला | 12.065 | 18578.00 | |
| 4 | आयबांधा जलाशय | आयबांधा | 27.865 | 44878.00 | |
| 5 | मासूलजोब जलाशय | मासूलजोब | 50.000 | 77000.00 | |
| 6 | खुसीपार जलाशय | खुसीपार | 25.524 | 37105.00 | |
| 7 | हालेकोसा जलाशय | हालेकोसा | 13.055 | 21027.00 | |
| 8 | उमरवाही जलाशय | उमरवाही | 21.780 | 33541.00 | |

इच्छुक आवेदकगण विज्ञप्ति जारी होने के 15 दिवस अर्थात 05.07.2024 को दोपहर 3.00 बजे तक आवेदन पत्र संपूर्ण दस्तावेज सहित जनपद पंचायत कार्यालय छुरिया में जमा कर सकते है। अपूर्ण आवेदन पत्र स्वीकार नही होंगे। आवेदन हेतु नियमावली, दस्तावेज एवं प्राथमिकता क्रम संबंधी जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत छुरिया

# हजारों की भीड़ ने बीमारियों से दूर रहने प्रतिदिन योग का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उमंग एवं उल्लास के माहौल में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन आज सुबह कृषि उपज मंडी प्रांगण बसंतपुर में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सांसद संतोष पाण्डेय शामिल हुए। इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अन्य अधिकारियों ने योगाभ्यास किया। एक विश्व एक स्वास्थ्य एवं हर घर आंगन योग की थीम पर बड़ी संख्या में बच्चों एवं नागरिकों ने योगाभ्यास एवं प्राणायाम किया। इस अवसर पर सांसद श्री पाण्डेय ने सभी को अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन योग करने हेतु संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर योग एवं प्राणायाम को अपने जीवन में अपनाते हुए सर्वे भवंतु सुखिनः का संदेश दिया गया। योग प्रशिक्षक ने योग अंतर्गत शिथिलीकरण की प्रक्रिया, कड़ी संचालन, गर्दन के लिए योगाभ्यास सिखाया गया। जो सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस की बीमारी के लिए फायदेमंद है। नागरिकों को वृक्षासन, त्रिकोणासन, भ्रदासन, वक्रासन कराया गया। इस अवसर पर मकरासन, सेतुबंध आसन, पवनमुक्तासन किया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि ज्ञानमुद्रा से जोड़ों का दर्द दूर होता है। कपालभाति प्राणायाम मास्टर प्राणायाम है, जिससे 99 प्रतिशत बीमारियां दूर होती है। आयुष विभाग राजनांदगांव की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित सभी नागरिकों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले स्वास्थ्यवर्धक काढ़ा का वितरण किया गया तथा अंकुरित मूंग चना, मूंगफली एवं केला का नाश्ता दिया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन

### योग से कई फायदेः पांडे

सांसद संतोष पांडेय ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा देश सभी दिशा में विश्व गुरू की ओर बढ़ रहा है। दुनिया की निगाह शांति के लिए भारत की ओर है। योग विश्व के लिए भारत की देन है। मानव कल्याण के लिए भारत के ऋषि-मुनि एवं तपस्वियों ने दिशा दी है। स्वस्थ रहने के लिए योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। निरोग रहने के लिए शरीर ही माध्यम है।





### जीवन शैली में करे शामिल

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि योग न केवल तन को बल्कि मन को भी शारीरिक और मानसिक तौर पर मजबूत बनाता है। योग को अपने जीवन शैली में शामिल करें और दूसरों को भी प्रेरित करें, ताकि अनावश्यक चिन्ता एवं तनाव से दूर रह सकें। उन्होंने कहा कि योग से शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है और स्वास्थ्य अच्छा रहता है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि योग को सिर्फ आज एक दिन तक सीमित न रखें। प्रतिदिन समय निकालकर योग अवश्य करें।

## सार समाचार

### कलकसा के ग्रामीणों ने बताई जिपं सभापति को पीड़ा

**खैरागढ़।** ब्लाक के ग्राम पंचायत कलकसा में ग्रामीणों ने गांव की समस्याओं को लेकर कलेक्टर एसडीएम के नाम जिपं सभापति विप्लव साहू को मांग पत्र सौंपकर समस्याओं के निदान की पहल करने कहा।



अनुसूचित जाति बहुल और पिछड़ेपन से ग्रस्त गांव के लोगों ने अभाव और प्रशासनिक समस्याओं से विप्लव साहू को अवगत कराया। हल्का पटवारी शिशिर श्रीवास्तव की शिकायत करते हुए कहा कि वह ग्राम सचिवालय में एक बार भी नहीं आते। बढ़ईटोला में जहां उन्होंने मुख्यालय रखा हुआ है वहां भी दोपहर को दो बजे आते हैं। उनके मातहत कर्मचारी मजबूर किसानों से राजस्व के विभिन्न कार्यों के लिए हजारों रुपए की रिश्वत वसूलते हैं लोग परेशान रहते हैं लेकिन दबाव के कारण चुप हो जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अल्प वर्षा से यहां फसलों का सही उत्पादन नहीं हो पता। क्रेशर खदानों के मालिक भी सही नियमों का पालन नहीं करते और न हीं वृक्षारोपण करते हैं और नहीं खदानों में किसी सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हैं। बेहाल व्यवस्था को बताते हुए गांव वालों ने बताया कि गांव से आज तक एक भी व्यक्ति शासकीय सेवा में नहीं है। मौजूदा शिक्षकों के स्थान पर दूसरे शिक्षक के पद स्थापना की मांग ग्रामीणों ने की है। इस दौरान सरपंच जनक पाल, डॉ सदालाल कुर्रे, विमल चंदेल, चिंताराम केशर पाल, उपसरपंच चोवा कुर्रे, अशोक कुर्रे, इंदल कुर्रे, राजेन्द्र कुर्रे, गुड्डू कुर्रे सहित अन्य मौजूद थे।

### पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात

**राजनांदगांव।** पेंशनर एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी से समस्या के निराकरण के लिए मुलाकात की। रामाधार प्रधानपाठक पूर्व मा.शाला मोखला 30 जून 2023 को सेवानिवृत्त हुए हैं। इनको संयुक्त संचालक दुर्ग के आदेश के अनुसार समयमान वेतनमान पेंशन में जोड़कर दिया जा रहा है। जबकि इनकी पात्रता 19 दिसंबर 2018 से देश है, निर्धारित होना चाहिए। 9 दिसंबर 2018 से 30 जून 223 तक समयमान वेतनमान की एरियर्स राशि भुगतान की कार्रवाई अपेक्षित है। उक्त जानकारी देते बीटी वाल्दे ने बताया कि इस संबंध में पेंशनर्स एसोसिएशन प्रतिनिधि मंडल जिला अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी जायसवाल एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जायसवाल से मिलने गए। दोनों अधिकारियों ने आज ही एरियर्स बिल बनाने का आदेश संबंधित लिपिक को दिया। इस पर समस्त पेंशनर्स ने दोनों अधिकारियों को धन्यवाद देते आभार व्यक्त किया है।

## शिवमहापुराण सुनने लाखों की संख्या में पहुंच रहे भक्त

# पूर्व में किए गए कर्म के अनुसार ही जीवन में आते है दुख और सुखः पं.प्रदीप मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गोयल परिवार और गंडई वासियों सहित समस्त क्षेत्र वासियों के सहयोग से कराए जा रहे पंडित प्रदीप मिश्रा के शिवमहापुराण कथा कार्यक्रम के चौथे दिन भीड़ में कुछ और इजाफा हुआ। शिवभक्तों की भीड़ सुबह से ही गंडई पहुंचने लगी थी जिसके कारण पुलिस को बेरिकेट्स की संख्या और बढ़ानी पड़ी।

लगभग 2 बजे के बाद पंडित प्रदीप मिश्रा कथा स्थल गोंडवाना मैदान पहुचें सर्वप्रथम उन्होंने शिवभक्तों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि करो योग रहो निरोग,बाबा राम देव जी और बालकृष्ण जी ने सम्पूर्ण देश विदेश में योग की अलख जगाया है निरोग रहने का सबसे अच्छा तरीका है योग और शिव भक्तों को शिव कथा के साथ भक्ति में समर्पण की महिमा बताई।

कथा के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने बताए कि अपने भीतर का भाव जिस दिन तुमने भगवान भोलेनाथ को दे दिया, जिस दिन अपना ध्यान शिव पर लगा लिया उस दिन आपको शिव मिल जाएगा, शिवतत्त्व मिल जाएगा।





### पूर्व कर्म के अनुसार आते है दुख और सुख

कथा के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने बताया कि पूर्व में किये कर्म के अनुसार ही हमारे जीवन में दुख और सुख आते है। हमने इस व्यास पीठ में बैठकर कभी ये नहीं कहा कि आपके जीवन मे कभी दुख या सुख नहीं आएगा। हा इतना जरूर है कि अगर आप एक लोटा जल शिव पर चढ़ाते रहते है तो आपको दुख-सुख का भान नहीं रहेगा।

### शिवभक्ति से 19 साल बाद बेटे का जन्म



उन्होंने दूसरा पत्र पढ़ते हुए बताया कि ममता श्रीवास पति राजकुमार श्रीवास निवासी चिखली शांति नगर राजनाँदगाँव लिखती है मेरे एक पुत्री होने के बाद गर्भ नहीं ठहर रहा था। इलाज के बाद एक पुत्र का जन्म हुआ, लेकिन कुछ दिन बाद उसकी मौत हो गयी। इसके बाद वे सिहोर कुबेश्वर धाम गए, वहां से लौटने के बाद 19 साल बाद बेटे ने जन्म लिया।

### कथा सुनने पहुंचे पूर्व सांसद और पूर्व विधायक

कथा के चौथे दिन राजनांदगाँव संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद मधुसूदन यादव का आगमन हुआ। साथ ही ख़ैरागढ़ के पूर्व विधायक कोमल जंघेल एवम कवर्धा के पूर्व विधायक डॉक्टर सिया राम साहू ने पंडित प्रदीप मिश्रा के शिवमहापुराण कथा का रस पान किये। इस दौरान उनके साथ गंडई क्षेत्र के नेता और जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

### पशुपति नाथ के व्रत से मिला फायदा

कथा के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने पंखे में लिखे अनोखे पत्र को पढ़ते हुए बताये की श्रीमती जगदम्बा जगत पति महासिह जगत निवासी ग्राम घूमर पाली, जिला महासमुंद ने लिखा है एक लोटा जल और बेलपत्र चढ़ाने से मेरे पति 20 साल से शराब का सेवन करते थे। हम सब परेशान हो गए थे। तिल्दा नेवरा में कथा सुनने के बाद पशुपति नाथ का व्रत शुरू किया और 15 दिनों के भीतर पति ने शराब छोड़ दी।

आकर्षण अर्थात दिखावे से तो आप केवल देश दुनिया को रिझा सकते हो, आम इंसानों पर अपना प्रभाव बना सकते हो पर समर्पण से मेरे भोलेनाथ को पा सकते हो।

भगवान शरीर से कभी तुम्हें स्वीकार नहीं करता। तुम सोचते हो कि तुम बहुत सुंदर दिख रहे हो, ज्यादा विद्वान हो, पद है कुर्सी है भगवान जल्दी स्वीकार करेंगे पर इससे केवल भगवान के मंदिर में तुम्हे जल्दी दर्शन करने को मिल सकता है। पद प्रतिष्ठा और वैभव तुम्हें आगे बिठा सकती है पर शिवमहापुराण की कथा कहती है कि ये तुम्हे परमधाम तक नहीं पहुंचा सकती। तुम्हें परम धाम तो केवल परमात्मा की अविरल भक्ति ही पहुंचा सकती है। शिवमहापुराण में लिखा है कि भगवान शिव को कोई पैसा वाला चीज नहीं आज तक नहीं चढ़ाई गई है। उसे तो केवल जल, बेलपत्र, दूध, फूल चढ़ाया गया है। उसे तो केवल सादगी पसंद है। मेरे भोलेनाथ को धन की जरूरत नहीं है। उसे तो केवल सच्ची भक्ति चाहिए शिव के पास जो गया उसे शिव ने सब कुछ दिया। रावण को लंका दिया और न जाने कितनों को वैभव दिए और स्वयं वे कैलास पर्वत पर रहते है।

## विभा पाटकर ने कराया योग

**खैरागढ़।** अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बढ़ईटोला शाला परिसर मे शिक्षिका व योग प्रभारी विभा पाटकर द्वारा योग दिवस का सफल संचालन कराया गया। विभिन्न योग एवं प्राणायाम की जानकारी देते हुए श्रीमती पाटकर द्वारा योग व व्यायाम कराया गया।



मुख्य अतिथि जनपद सीईओ शिशिर कुमार शर्मा ने श्रीमती विभा पाटकर को योग शिक्षक के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया और दैनिक जीवन में योग के महत्व को मंच के माध्यम से उपस्थित जनों एवं विद्यार्थियों को जानकारी दी। जनपद उपाध्यक्ष मुरली सिंह वर्मा ने भी सभी को स्वस्थ एवं निरोगी रहने के लिए प्रतिदिन योग करने के प्रोत्साहित किया। प्राचार्यचंद्रभान साहू ने बताया कि विद्यालय में प्रतिवर्ष योग दिवस के दिन और हर सप्ताह शनिवार को शिक्षिका श्रीमती विभा पाटकर के द्वारा योग एवं व्यायाम कराया जाता है। इस अवसर पर एसएमडीसी सदस्य विश्राम वर्मा, पंचायत निरीक्षक श्रीमती विमला नेताम, जनपद पंचायत, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, प्राथमिक माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओ सहित ग्रामवासियों ने भी योग किया।

# कुलपति ममता चंद्राकर का कार्यकाल पद से हटते ही संगीत नगरी में जमकर आतिशबाजी

**खैरागढ़।** राज्यपाल द्वारा श्रीमती ममता चंद्राकर को कुलपति पद से हटाए जाने के बाद संगीतनगरी में शुक्रवार को जमकर आतिशबाजी की गई।

बीते दिनों नियुक्ति में अनियमितता को लेकर चार कर्मियों के संस्पेंशन को गैर शिक्षक कर्मचारी संघ अध्यक्ष प्रखरशरण सिंह ने वाजिब बताते हुए महामहिम को पत्र प्रेषित कर चारों कर्मचारियों के निलंबन को सही कार्रवाई बताते हुए उनकी नियुक्ति निरस्त करने की मांग की थी, लेकिन शुक्रवार को राजभवन से ममता चंद्राकर को हटाने संबंधी आदेश प्रसारित होते ही गैर शिक्षक संघ उपाध्यक्ष ओमशंकर हिरवानी, सीआर कुंजाम, मनीष कुलकर्णी, संतोष श्रीवास, दीपक जतेरे, ममता शोरी, कौशल जैन, दाऊलाल चंद्रवंशी, राजू सिंह कश्यप, भुनेश्वर गेंड्रे,




विभाष मालवीय, महेंद्र ठाकुर, कन्हैया यादव, आलोक सिंह, अमित सिंह, बीरबल कोर्राम, नरेश मेश्राम, हीरासिंह रावटे, शलभ मिश्रा, रिचा तिवारी सहित अन्य ने अध्यक्ष प्रखर शरण सिंह की उक्त मांग को व्यक्तिगत बताते हुए कहा कि संघ किसी भी कर्मचारी के निलंबन को वाजिब नहीं ठहरा रहा। संघ अध्यक्ष के रूप में प्रखर शरण सिंह का महामहिम को प्रेषित पत्र व्यक्तिगत है संघ का इससे कही कोई लेना देना नहीं है।

# चिकित्सकों की ओपीडी सेवाएं राजनांदगांव मेडिकोज में आज




**बिजनेस प्लस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के हृदय स्थल स्थित सतनाम भवन नया बस स्टैंड के पास जीई रोड में विश्व स्तरीय वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम उपचार एवं चिकित्सीय सुविधा हेतु आज एवं प्रत्येक शनिवार उपलब्ध होंगे।

चिकित्सकीय सुविधाओं में प्रमुख रूप से किडनी, प्रोस्टेट, पथरी रोग विशेषज्ञ डॉ.नवीन राम दारूका एवं डॉ. रेखराज साहू, नस मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग के विशेषज्ञ डॉ.कुलदीप सिंह, कान, नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ.नमन पिंचा अपनी सेवाएं देंगे। राजनांदगांव में सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की सेवाएं देने का मुख्य कारण राजनांदगांव में गंभीर मरीजों के इलाज हेतु स्पेशलिस्ट डॉक्टर का अभाव है। किसी भी गंभीर समस्या या बीमारी के इलाज एवं परामर्श हेतु ज्यादातर लोग रायपुर एवं अन्य बड़े शहर की तरफ जाते हैं, परंतु अब किसी भी गंभीर बीमारी एवं उसके परामर्श उपचार हेतु बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

# सीजी व्यापम की टीईटी और पीपीटी परीक्षा कल

- प्रवेश पत्र के साथ मूल पहचान पत्र लाना होगा अनिवार्य
- परीक्षार्थीयों को प्रवेश पत्र में दिए केन्द्र में ही बैठने की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश के पालिटेक्निक महाविद्यालयों प्रवेश हेतु पीपीटी प्रवेश परीक्षा तथा शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी का आयोजन व्यापम द्वारा 23 जून को की जा रही है।

पीपीटी परीक्षा प्रातः 9 से 12:15 बजे तक 4 केन्द्रों में तथा शिक्षक पात्रता परीक्षा (प्रायमरी) प्रातः 9:30 से 12:15 बजे तक 22 केन्द्रों में आयोजित है। वहीं शिक्षक पात्रता परीक्षा (अपर प्रायमरी) दोपहर 2 बजे से 4:45 बजे तक 38 केन्द्रों में आयोजित है। परीक्षा के समन्वयक डॉ. अंजना ठाकुर, प्राचार्य शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय ने बताया की पीपीटी में जिले में 1578, शिक्षक पात्रता परीक्षा (प्रायमरी) में 8390 तथा शिक्षक पात्रता परीक्षा (अपर प्रायमरी) में 13276 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा है कि परीक्षार्थी अनिवार्य रूप से परीक्षा के 1 घण्टे पूर्व परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र तथा मूल पहचान पत्र लेकर पहुंचे। परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश पत्र के साथ मूल पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस जैसे किसी एक पहचान पत्र की मूल प्रति लाना अनिवार्य है। इसके बगैर परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाऐगा साथ ही परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर ले की उनका प्रवेश पत्र 2024 का ही हो। किसी भी परीक्षार्थी को उनके निर्धारित केन्द्र में ही बैठने की अनुमति होगी। प्रवेश पत्र में दिये गए केन्द्र के अतिरिक्त किसी अन्य केन्द्र में बैठने नहीं दिया जाऐगा अतः सभी परीक्षार्थी वर्ष 2024 के प्रवेश पत्र में दिये गए केन्द्र में निर्धारित समय से आधे घण्टे पूर्व मूल पहचान पत्र एवं प्रवेश पत्र के साथ उपस्थित हो।

परीक्षा के समन्वयक डॉ. अनजना ठाकुर ने संयुक्त रूप से सभी 38 केन्द्रो के केन्द्राध्यक्षों, नोडल तथा समन्वयक केन्द्र द्वारा नियुक्त किये पर्यवेक्षकों की बैठक दिग्विजय महाविद्यालय में लेकर उन्हें परीक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सहायक समन्वयक दीपक कुमार परगनिहा ने सभी केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों को वयापम द्वारा प्राप्त निर्देशों से अवगत कराते हुए कहा कि परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार में अनिवार्य रूप से एक जिम्मेदार अधिकारी को नियुक्त करे, जो परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र एवं मूल पहचान पत्र की जांच कर ही उन्हें परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दे। परिवेक्षक नियमित रूप से परीक्षा केन्द्र का भ्रमण करें तथा विक्षकों की बैठक लेकर उन्हें परीक्षा संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करें। सहायक समन्वयक डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने परीक्षा की बारिकीयों से केन्द्राध्यक्षों को अवगत कराया। ब्रिफिंग सत्र में परीक्षा के सहायक समन्वयक डॉ. शबनम खान, डॉ. किरण लता दामले तथा सभी 38 केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष तथा नोडल एवं समन्वयक केन्द्र द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक तथा रवि कुमार साहू उपस्थित रहे।






## खबर संक्षेप

### शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पोलमी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाई



**हरिभूमि कुई-कुकदूर।** शुक्रवार को 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पोलमी में योग कराया गया। जिसमें छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए शिक्षक राकेश सोनी ने प्राणायाम व योग कराया, प्रधान पाठक राजेंद्र नेताम ने योग के महत्व को समझाया। शिक्षिका चंद्रिका पुसाम योग कार्यक्रम में सम्मिलित होकर छात्र-छात्राओं को योग कराया। प्राचीन काल से हमारे सेहत का अहम सूत्र योग अब हमारी दिनचर्या में पूरी तरह समा चुका है। इस दौरान छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### पेंण्ड्रीकला, कोलेगांव व भगतपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला पेन्ड्रीकला, शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक तथा हाई स्कूल कोलेगांव तथा शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल भगतपुर में शासन के आदेशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। योग कार्यक्रम में शाला के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व हाई स्कूल के छात्र छात्राओं को सुखासन, वज्रासन, ताडासन, प्राणायाम, महाप्राण ध्वनि, भ्रामरी प्राणायाम, कपाल-भाति, अनुलोम-विलोम की क्रिया कराया गया और अंत में योग का लाभ की जानकारी दिया गया। जिसमें योग से हमें असीम शांति मिलती है, हम जीवन की चुनौतियों का सामना शांति और धैर्य के साथ कर सकते हैं, योगा करने से शरीर स्वस्थ रहता है इसलिए सब लोग को योगा करना चाहिए, मन की तनाव दूर होता है, योग कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला पेन्ड्रीकला प्रधान पाठक बैजनाथ चंद्राकर, प्रधान पाठक विष्णु प्रसाद चन्द्राकर, प्राचार्य रामकुमार कौशिक, प्रधान पाठक सुरेखा चंद्रवंशी, दिनेश पाण्डेय व ग्रामीण जन मोहन कश्यप, राजेन्द्र पटेल, ईश्वरी यादव, प्रीतम कश्यप ने भी योग कार्यक्रम में अपना योगदान दिया।

### कामठी स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना



**हरिभूमि पंडरिया।** पंडरिया विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक सह पूर्व माध्यमिक शाला कामठी में 10वीं अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया तथा विभिन्न आसान वज्रासन, कुर्सीआसन, हलासन, लोम-अनुलोम आदि योगाभ्यास कर योग के महत्त्व को जाना। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य आरएन राजपूत, व्याख्याता हीरालाल छापरिया, मनोज आदित्य, राजेश शर्मा, तुलस चंद्राकर, खेल शिक्षक कोमल धृतलहरें, प्रधान पाठक राज, शिक्षक सुमित पाण्डेय, यशवंत कुंभकार, हरीश यादव व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### पीजी कॉलेज कवर्धा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** आचार्य पंथ श्री गृंध मुनी नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीएस चौहान ने की, उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली हेतु योग के महत्व को बताया। महाविद्यालय के रासेयो की महिला एवं पुरुष इकाई, क्रीडा विभाग, एनसीसी, यूथ रेडक्रॉस सोसायटी, रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी कविता कन्नौजे द्वारा किया गया। उन्होंने योग को नियमित जीवन शैली में अपनाने शपथ दिलाया। योग प्रशिक्षक प्रिया सोनी नें योग की विभिन्न विधाओं, आसन-प्राणायाम ध्यान पर अभ्यास करवाया गया। महिला सशक्तिकरण हेतु योग थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं के लिए कुछ विशेष योगासनों को बताया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ ऋचा मिश्रा, डॉ दीप्ति टिकरिहा, मुकेश कामले, नरेंद्र कुलमित्र, आकांक्षा वर्मा, भानुप्रताप सिंह, डॉ राकेश चंदेल, डॉ सुनीता जाखड़, जय मेहरा, संतोष डहरिया, खेलन माहुले, मनसुखलाल वर्मा सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें।


**न्यायालय : न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय कबीरधाम (छ.ग.)**

**// उपस्थित हेतु नोटिस //**

व्यवहार वाद क्रं 33 अ/2024
धारा 08 हिन्दू अप्राप्तयता और संरक्षकता अधिनियम
आदेशिका क्रं 133/2024

श्रीमती मीनाबाई साहू व अन्य ..........आवेदिकागण ......
बनाम
शत्रुहन व अन्य...... अनावेदकगण ......
आम जनता, जिनका हित हो .........अना. क्रं. 03

आवेदिकागण ने ग्राम दलसाटोला प.ह.नं. 29 रा.नि.म. बाजार चारभाठा, तहसील स/लोहारा जिला कबीरधाम (छ.ग.) स्थित भूमि खं. नं 47/5 रकबा 0.198 हे. में से 0.21 डिसमिल, एवं खं.नं. 89/2 रकबा 0.777 हे. में से 0.96 डिसमिल तथा खं. नं. 91/6 रकबा 0.979 हे.में से 1.10 एकड को अवयस्क आवेदक छत्रपाल एवं भानुप्रताप की ओर से उनकी माता श्रीमती मीनाबाई साहू पति स्व. शिवकुमार ने अनावेदक क्र 02 त्रिभुवन साहू के पक्ष में अनावेदक क्र 02 एवं अनावेदक क्र 01 शुत्रहन के साथ हक त्याग करने की अनुमति दिए जाने हेतु इस न्यायालय के समक्ष वाद प्रस्तुत किया है। अतः सर्वसाधारण, जो मामले में दावा रखते हों, सूचित किया जाता है आप स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि/अधिवक्ता के माध्यम से जो मामले से संबंधित सभी उत्तर देने में समक्ष हों, उक्त वाद में सुनवाई हेतु दिनांक 23 जुलाई, 2024 को प्रातः 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित रहें। सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि नियम तिथि में इस अनुपस्थिति में विधि अनुसार किया जायेगा।

यदि किसी कारणवश सुनवाई तिथि दिनांक 23 जुलाई 2024 को अवकाश घोषित होता है, तो मामले की सुनवाई उसके ठीक दूसरे कार्य दिवस में की जायेगी।

आज तारीख 20 जून 2024 को इस अदालत की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया ।

मुहर
लीलाधर सारथी न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय कबीरधाम (छ.ग.)


### बाढ़ आपदा एवं बचाव सहित आवश्यक तैयारियां विभाग सुनिश्चित करें: श्री महोबे

# कलेक्टर ने बाढ़ आपदा, बचाव व प्रबंधन के लिए विभागों को सौंपे दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आगामी मानसून 2024 को दृष्टिगत रखते हुए प्राकृतिक आपदा से बचाव-राहत एवं बाढ़ से निपटने तथा संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा सहित आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के विभिन्न विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में जिले के प्रमुख सकरी, हाफ, फोक-नदिया सहित जिले के सभी मध्यम जलाशयों के किनारे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की चर्चा करते हुए और उन क्षेत्रों में बाढ़-आपदा प्रबंधन सहित आवश्यक तैयारियां रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत शिविरों के लिए शासकीय भवन, पर्याप्त सुरक्षा स्थान, और ऐसे पहुंच विहिन क्षेत्रों में जहां बाढ़ की स्थिति में पहुंचना संभव नहीं है, ऐसे स्थानों को चिन्हांकित कर वहां पर्याप्त मात्रा में खाद्य समाग्री, नमक, कोरोसीन, जीवन रक्षक दवाइयां आदि संग्रहित करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने बैठक में आगामी मानसून 2024 में प्राकृति आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था करने के संबंध में अलग-अलग विभाग के अधिकारियों को दायित्व भी सौपे है। कलेक्टर ने जिले में स्थापित वर्षामापक यंत्रों का उचित संधारण कर नियमित जानकारी का प्रेषण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिन-जिन तहसीलों में वर्षामापी यंत्र नहीं लगाए है, वहां वर्षामापी यंत्र तत्काल स्थापित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर नें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वाथ्य एवं जीवन रक्षक दवाईयां भण्डारण करने के निर्देश दिए है। उन्होने बाढ़ प्रभावित एवं पहुंच विहिन क्षेत्रों के लिए डाक्टर्स की दल गठन करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के निर्देशित किया। साथ ही राजस्व लेखा शाखा को आवश्यक तैयारियां की जानकारी अवगत कराने सहित समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में मानूसन के दौरान सर्प एवं अन्य जीवन जन्तू काटने से मृत्यु होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए सर्प दंश के बचाव के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने पीएचई विभाग को वर्षा ऋतु में जलजनित बीमारियों के रोकथाम एवं नियंत्रण के बचाव के लिए पेयजल की शुद्धता एवं स्वच्छता को दृष्टिगत रखते हुए कुंओ, हैण्डपंप आदि में बलीचिंग पाउडर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



#### बैठक में अलग-अलग विभागों को आवश्यक निर्देश दिए

कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, खाद्य अधिकारी एवं सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया है। बैठक में कलेक्टर ने बाढ़ से बचाव संबंधित जो उपकरण के लिए जिला सेनानी को आवश्यक निर्देशित किया है। उन्होने जिला नगर सेनानी को बाढ़ से बचाव संबंधी जो उपकरण जिले में उपलब्ध है यथा प्रशिक्षित जवान, तैराक, मोटर बोट, लाइफ जैके, मेगाफोन, तारपोलीन, दस्ताने, ड्रम, बोल्ट कटर, रस्सी, सर्च लाईट, ट्रक के ट्यूबस आदि की दुरूस्ती कराकर उपयोग के लिए तैयार रखने के लिए निर्देशित किया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर त्वरित उपयोग में लाया जा सकें। मोटर बोट की उपलब्धता होने पर आयुक्त कार्यालय को जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि मांग आने पर अन्य जिलों में बोट तथा प्रशिक्षित जवानों को तुरन्त रवाना किया जा सकें। कलेक्टर ने जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए नगरी क्षेत्रों के सभी प्रमुख छोटे-बड़े नालों की सफाई रखने के निर्देश दिए है। साथ ही शहर के भीतर बाढ़ वाले क्षेत्रों में पोर्टेबल डायविंग पंपो की व्यवस्था की जाए। विशेष रूप से तटी क्षेत्रों में भवन-घरों की गैर आरआरसी छतों को सुरक्षित करने के लिए यू-हुक प्रणाली का उपयोग किया जाना चाहिए।

# दण्डी स्वामी मज्ज्योतिरमायानंद सरस्वती महराज का टाटीकसा में आज होगा भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के शिष्य दण्डी स्वामी मज्ज्योतिरमयानंदः सरस्वती सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा बेमेतरा से रविवार को जिला आगमन होगा। वही दण्डी स्वामी मज्ज्योतिरमायानंदः सरस्वती के कबीरधाम जिला आगमन पर सनातनियों में उत्साह है एवं भव्य तैयारियां भी कर ली गई हैं। स्वामी मध्यान 03 बजे लक्षेश्वर धाम से सड़क मार्ग होते हुए सहसपुर लोहारा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम टाटीकसा शाम 04 बजे आगमन होगा, जहां ग्रामवासियों के द्वारा भव्य अभिनंदन कर अजय साहू के निज निवास पर सुप्रसिद्ध श्रीमद्भागवत कथा वाचक पं आंनद उपाध्याय द्वारा पदुकापुजन सम्पन्न कराया जाएगा। साथ ही पुत्री का नामकरण संस्कार करेंगे। तत्पश्चात ग्राम के गांधी चौक में शाम को 5 बजे आशीर्वचन पश्चात सपाद लक्षेश्वर धाम प्रस्थान करेंगे।

## बिजनेस साइड

### नगर में क्राफ्ट इंडिया शापिंग एक्सपो की लगी भव्य प्रदर्शनी




**हरिभूमि कवर्धा।** देश के विभिन्न प्रांतों से अलग-अलग प्रकार के आइटम लेकर एक ही छत के नीचे क्राफ्ट इंडिया एक्सपो सरदार पटेल मैदान में लगाया गया है, जों कि 13 जनू सें 14 जूलाई तक नगरवासियों व आसपास क्षेत्रवासियों के लिए खरीददारी के लिए क्राफ्ट इंडिया शापिंग एक्सपों एक अच्छा मौका है। जिसका शहर सहित आसपास के क्षेत्र के आम नागरिक गणों को लाभ उठाना चाहिए, क्राफ्ट इंडिया शापिंग एक्सपों के संचालक संदीप कुमार ने बताया कि संपूर्ण भारत से हजारों प्रकार की विभिन्न वस्तुओं की बिक्री एवं प्रदर्शनी पंजाब, हरियाणा, दिल्ली सें सिल्क साडी, खादी ग्रामोद्योग, वस्तुए, वुडन फर्नीचर, लखनवी किचन, ब्रॉस मार्बल, हैडीक्राफ्ट, किचन वेयर, ज्वेलरी राजस्थानी, गुजराती, कशमीरी, बैड सिट, चप्पल कुर्ता, पैजामा, पेन्ट शर्ट, टी-शर्ट, फैन्सी चुडी, लेडिज पर्स, कॉटन बैग, क्रॉकरी, उपलब्ध है। उद्घाटन समारोह में शहर के कई गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें। वहीं क्राफ्ट इंडिया शापिंग एक्सपों प्रदर्शनी सुबह 10:30 से रात्रि 10 बजें तक शहर के सरदार पटेल मैदान में भव्य प्रदर्शनी व बिक्री शहरवासियों के लिए खोला गया है। जिसमें अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है, वहीं सैकड़ों की संख्या में लोग रोज खरीददारी कर रहें है।

# जनहित ही समाज सेवा है: दिनेश चंद्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए बुधवार को पंडरिया विधायिका श्रीमती भावना बोहरा द्वारा निःशुल्क एंबुलेंस समाज सेवा के नाम से दिया गया। दिनेश चंद्रवंशी ने बताया कि निःशुल्क एम्बुलेंस सें कुण्डा सहित कोलेगांव, दामापुर, रूसे, भगतपुर, धनेली, पिपरमाटी, मोहतरा, बसनी, खैलटुकरी क्षेत्र के ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। इस प्रकार क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा समाज सेवा के नाम से अंचल के रहवासियों को निःशुल्क एंबुलेंस का सीधा लाभ मिल रहा है। कुण्डा क्षेत्र में निःशुल्क एंबुलेंस क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा बड़ी सौगात मिलने सें ग्रामीणों में खुशी की लहर व्याप्त है। जिस पर मुकेश ठाकुर, ओमप्रकाश यदु, रामाधार शर्मा, रामफल चंद्रवंशी, सुरेश दुबे, विकास पांडेय, डॉ संतोष साहू, परमेश्वर साहू, श्रवण साहू, मोहन चंद्रवंशी, मनहरण साहू, रामप्रसाद चंद्रवंशी, नकुल पाण्डेय, हेमंत यादव, टिकेश्वर यादव, मोनू पाण्डेय, घनश्याम चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, कपिल चंद्राकर सहित ग्रामीणों ने विधायक को बधाई एवं आभार व्यक्त किया।

## विशेष पिछड़ी जनजाति पीवीटीजी बैगा समुदाय के विशेष सहयोग से अक डंडुक अभियान चलाया

**हरिभूमि कवर्धा।** जिला प्रशासन के समस्त विभागों का समन्वय, कवीर स्वयंसेवक, बैगा समाज का गांधी ग्राम विकास समिति ग्रामोदय केंद्र को अक डंडुक अभियान में विशेष सहयोग मिल रहा है। अक डंडुक अभियान विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, पीएम जनमन, पर्यावरण, आजीविका, वन संसाधन, वनोपज, वनधन विकास केंद्र, जैव विविधता के लिए विशेष जन-जागरूकता किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बुधवार को ग्राम ठाकुरटोला, ग्राम पंचायत मुड़घुसरी जंगल विकासखंड बोड़ला में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अब डंडुक अभियान में राज्य व्यापी सिकल सेल स्वास्थ्य जांच शिविर को सफल बनाने के लिए विशेष सहयोग प्रदान किया गया। जिसके तहत 102 लोगों का सिकल सेल स्वास्थ्य जांच किया गया। इसके साथ-साथ गांव के सभी बैगा महिला, पुरुष एवं बच्चों को अक डंडुक अभियान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के बच्चों को स्कूल में दाखिला कराने एवं नियमित स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से ग्राम के 5 वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों का वजन एवं ऊंचाई की माप लिया गया। जिसके माध्यम से कुपोषण का आंकलन किया गया। कम वजन वाले बच्चों के पालकों को सुपोषण की जानकारी दी गई। लोगों को आवास निर्माण में प्रगति लाने और किचन गार्डन तैयार करने, बेहतर खेती करने, स्वच्छता, पर्यावरण को बेहतर करने के लिए प्रेरित किया गया। समुदाय के लोगों को पीएम जनमन योजना के मापदंड, सूचकांक एवं योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आधार कार्ड अपडेट, राशन कार्ड बनवाने, संशोधन, नाम जोड़ने, वन अधिकार पत्र धारक परिवारों के भूमि सुधार के लिए भी जागरूक एवं प्रेरित किया गया।

# राम्हेपुर स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाई गई, छात्राओं ने किया योगा

- योगाभ्यास कर योग के महत्व को विस्तार से बताया।

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

बोड़ला विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं एवं शिक्षक उपस्थित होकर योगाभ्यास किया गया। वहीं करें योग रहे निरोग, योग भगाए रोग, योग है जीवन का सार इसके बिना सब है बेकार, सबसे जरूरी एक काम योग करें नित सुबह शाम, इस प्रकार स्लोगन एवं नारो से छात्र छात्राओं को योग के प्रति प्रेरित किया गया। साथ ही साथ योग के विभिन्न योगासनों में प्रमुख रूप से भ्रामरी, प्राणायाम, सुखासन, अनुलोम-विलोम, तितली आसन, सूर्य नमस्कार योग कराया गया एवं योग के महत्व को बताया गया। साथ ही साथ योग से हमारा स्वस्थ जीवन एवं हमारा शरीर तंदुरुस्त रहता है। योग से सभी विकार दूर होते है और स्थिरता प्राप्त होती है। इसलिए प्रतिदिन योग करना चाहिए साथी ही दूसरो को भी योग के लिए जन-जागरूक करना चाहिए। जिस पर छात्रा खुशबू साहू द्वारा योगा संबंधित सुंदर प्रेरणास्पद पोस्टर घर से बनाकर लाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य एमआर कोमरे, शिक्षक आरके साहू एवं शिक्षक गुमानचंद कोसले उपस्थित थें, योगाभ्यास कर छात्र छात्राएं प्रफुल्लित एवं प्रसन्नचित नजर आएं।



### गर्मी व उमस से मिली लोगों को राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में मौसम में उथल-पुथल व बारिश से आम नागरिकों को गर्मी व उमस से काफी राहत मिली है।

## योगाभ्यास...



**हरिभूमि कवर्धा।** विकासखण्ड सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम पंचायत भाटकुंडेरा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पांच दिवसीय योग प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 17 से 21 जून तक आयोजित किया गया। वहीं शुक्रवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिषर भाटकुंडेरा में योग प्रशिक्षक बलेश्वर कौशिक द्वारा ग्रामीणों को योग करवाया व योग के महत्व को बताया गया।

### विजय शर्मा को फोटो फ्रेम एवं पक्षियों के बुकलेट किया गया भेंट

# भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा में बर्ड सर्वे संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के दिशा-निर्देश में भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा में बर्ड सर्वे 08 से 10 जून तक संपन्न किया गया। वहीं जिला स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को फोटो फ्रेम एवं पक्षियों के बुकलेट सौजन्य भेंट किया गया। 08 जून को भोरमदेव अभ्यारण्य के उद्घाटन समारोह में लगभग 90 प्रतिभागी जो की छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश आदि राज्यों से उपस्थित हुए। उद्घाटन समारोह में मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी विश्वेश कुमार, वन मंडल अधिकारी शशि कुमार प्रशिक्षु भारतीय वन सेवा के अधिकारी अभिषेक अग्रवाल, अधीक्षक, भोरमदेव अभ्यारण्य, उपवन मंडल अधिकारी कवर्धा, परिक्षेत्र अधिकारी भोरमदेव, परिक्षेत्र अधिकारी चिल्फी एवं समस्त वन कर्मचारी भोरमदेव अभ्यारण्य उपस्थित थें। द्वितीय दिवस प्रतिभागियों को रजिस्ट्रेशन एवं किट वितरण एवं आवश्यक ब्रीफिंग उपरांत बर्ड सर्वे हेतु बनाए गए लगभग 30 भिन्न-भिन्न स्थलों में भेजा गया। बर्ड गाइड हेतु गिधवा परसदा एवं जंगल सफारी में कार्यरत पक्षी विशेषज्ञों को बुलाया गया था, जिन्हें प्रत्येक ग्रुप में एक या दो की संख्या में शामिल किया गया था।

बर्ड सर्वे का आयोजन इस हेतु किया गया था कि हमें ज्ञात हो सके की संपूर्ण अभ्यारण्य क्षेत्र में वर्तमान में कितनी प्रजातियां की पक्षियों निवासरत हैं। इस हेतु उपस्थित हुए प्रतिभागियों को कल 15 ग्रुपों में विभाजित किया गया था साथ ही पूरे अभयारण्य में 30 गस्ती मार्गो का चयन किया गया था। 15 मार्गो में सुबह एवं 15 मार्गो में शाम को बर्ड सर्वे का कार्य किया गया। सर्वे की रिकॉर्डिंग इलेक्ट्रॉनिक एवं तैयार किए गए चेकलिस्ट में भी की गई। चेकलिस्ट में अभयारण्य में पूर्व से ज्ञात 195 पक्षी प्रजातियों की सूची दी गई थी जैसे-जैसे पक्षी प्रेमियों द्वारा नई स्पीशीज देखी जाती गई वैसे-वैसे उनके द्वारा चेक लिस्ट में टीक किया गया साथ ही यदि कोई प्रजाति चेक लिस्ट में नहीं थी तो उसका नाम लिस्ट के अंत में जोड़ा गया। पक्षी प्रेमियों को प्रकृति की गोद में अभयारण्य क्षेत्र में बने वनरक्षक आवास या पेट्रोलिंग कैंपों में ही रोका गया जिससे कि उन्हें वन कर्मियों के जीवन के विषय में भी अनुभव प्राप्त हो सके।

अंतिम दिवस समापन समारोह में पक्षी प्रेमियों से अनुभव साझा करने हेतु भी कहा गया जिसमें सभी पशु प्रेमी संतुष्ट नजर आए एवं उनके द्वारा अभयारण्य द्वारा आयोजित की गई। बर्ड सर्वे कार्यक्रम की सराहना की गई एवं भविष्य में भी ऐसे आयोजन करते रहने के लिए आभार व्यक्त किया।

बर्ड सर्वे के दौरान संकलित किए गए डाटा का विस्तृत अध्ययन अभी नहीं किया गया है किंतु फौरी तौर पर देखा गया है कि लगभग 143 विभिन्न पक्षी की प्रजातियां की रिपोर्टिंग प्रतिभागियों द्वारा की गई है। वर्तमान में यह संख्या कम प्रतीत हो रही है क्योंकि जूलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया के द्वारा अभ्यारण में 195 प्रजातियों की रिपोर्टिंग की गई थी। ऐसा इसलिए प्रतीत हो रहा है क्योंकि यह सर्वे ग्रीष्म ऋतु में आयोजित किया गया है और ग्रीष्म ऋतु में माइग्रेटरी बड्र्स नहीं देखे जा सकते यह 143 प्रजातियां अभयारण्य की स्थाई प्रजातियां हैं। माइग्रेटरी बड्र्स जो अभ्यारण में आते हैं उनके अध्ययन के लिए भी भविष्य में शीत ऋतु में पुनः बर्ड सर्वे का आयोजन किया जाए तो बेहतर होगा जिससे यह आंकड़ा 250 के आसपास पहुंचने की संभावना है।


**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

**योग दिवस**

## बाढ़ आपदा नियत्रंण कक्ष एवं कंट्रोल रूम स्थापित

**कवर्धा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने निर्देश पर जिले में बाढ़ आपदा नियत्रंण कक्ष एवं कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उक्त नियंत्रण कक्ष 24 घंटा क्रियाशील रहेगा। इसके अतिरिक्त आपात स्थिति में इन दूरभाष नंबर एवं अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है। इन अधिकारियों में कवर्धा नगर पालिका अधिकारी नरेन्द्र वर्मा जिला नगर सेनानी एवं प्रभारी फायर बिग्रेड अधिकारी, पुलिस नियत्रंण कक्ष अथवा डॉयल 112, जिला चिकित्सालय अथवा 108 पर त्वरित सूचना प्रेषित की जा सकती है। इसके लिए अतिरिक्त संबंधित विभाग को कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने और इसकी सूचना जिला कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय बाढ़ आपदा नियत्रंण कक्ष एवं कंट्रोल रूम में 24 घंटे कर्मचारियों की तैनाती के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजन

**कवर्धा।** नेहरू युवा केन्द्र कवर्धा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार) एंव संत कबीर कृषि महाविद्यालय अनुसंधान केन्द्र कवर्धा के तत्वधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के युवाओं ने अलग-अलग योगासन कर योग के फायदे के बारे में जाना जिसके अंतर्गत सूर्य नमस्कार, कपाल भारती, अनुरोम-विलोम, ध्यान, सर्वागांसन, भुजगांसन, वृक्षासन, प्राणायाम आदि किया गया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डीके राव, दिनेश ठाकुर, बीआर चंद्रवशी, युवराज ठाकुर, डॉ. निवेदिता एंव सूरज कुमार निर्मलकर उपस्थि थे।

## लॉटरी से की गई चयन प्रक्रिया पूरी

**कवर्धा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल ग्राम धरमपुरा ब्लॉक कवर्धा व ग्राम लड़ुवा ब्लॉक पंडरिया के लिए शिक्षा के अधिकार के तहत सत्र 2024-25 में कक्षा केजी-1 में प्रवेश के लिए गुरुवार को लॉटरी निकाली गई। इसमें चयनित बच्चे एडमिशन ले सकते हैं। कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी के सभाकक्ष में प्रक्रिया पूरी किए।

# पीजी कॉलेज मैदान के डोम में आयोजित किया गया जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 को जिला मुख्यालय कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान के डोम में जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। योगाभ्यास कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के तैल्यचित्र में दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन सहित जिले के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, स्कूली छात्र-छात्राएं, स्वामी विवेकानंद एकेडमी के खिलाड़ियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। योग कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने निर्धारित समय 6.30 बजे से योगासन के सभी आसन, कपालभारती, प्राणायाम, ध्यान, संकल्प आदि का अभ्यास कराया। जिला मुख्यालय सहित विकासखण्ड एवं नगरीय निकाय, जनपद पंचायत स्तर पर योग दिवस का आयोजन किया गया। जिले के प्रभारी मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि ऋ षि मुनियों ने आदिकाल से योग को बहुत बड़ाा महत्व दिया है। पूर्व में जब चिकित्सा की सुविधा नहीं थी तब योग के माध्यम से हमारा शरीर स्वस्थ्य रहे इसके लिए कार्य किया जाता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग को वैश्विक मंच पर विशेष स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में पहल करके 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित करवाया। पीजी कॉलेज मैदान के डोम में आयोजित जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अशोक साहू, कवर्धा जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्रणी दिनेश चंद्रवशी, उपाध्यक्ष बीरेन्द्र साहू, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, तुकाराम चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर,चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, श्रीकांत उपाध्याय, रामबिलास चंद्रवंशी, पार्षद रिंकेश वैष्णव, मनिराम साहू, खिलेश्वर साहू, सुनील दोशी, सनत साहू, रघुनाथ योगी, अजय ठाकुर सहित कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, वनमंडलाधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सहित जिले के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, स्कूली छात्र-छात्राएं, स्वामी विवेकानंद एकेडमी के खिलाड़ियों ने योगा अभ्यास किया।

### पूरे विश्व को शांति और सद्भावना का संदेश देता है योगः कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन



कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि योग न केवल शरीर और मन को स्वस्थ रखता है, बल्कि यह पूरे विश्व को शांति और सद्भावना का संदेश भी देता है। उन्होंने सभी लोगों से नियमित योगाभ्यास करने का आग्रह किया है ताकि वे बेहतर स्वास्थ्य और सुखमय जीवन का आनंद ले सकें। उन्होंने कहा कि योग, जो प्राचीन भारतीय परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, शरीर और मन को संतुलित करने के लिए आसनों, प्राणायाम और ध्यान का समन्वय करता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, दुनियाभर में योग सत्रों, कार्यशालाओं और अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, जिसमें लाखों लोग भाग लेते हैं।

### मौत: एफएनएल प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थी शिक्षक की मौत, जिम्मेदार कौन?

# शिक्षा विभाग की मनमानी और दबाव ने ली शिक्षक की जान?

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

स्कूल शिक्षा विभाग की मनमानी और दबाव के चलते नई शिक्षा नीति के तहत दिए जा रहे विभागीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शुक्रवार को प्रशिक्षण लेने पहुंचे एक शिक्षक की प्रशिक्षण के दौरान ही अचानक मौत हो गई।

इस घटना के सामने आने के बाद शिक्षकों में हड़कंप मच गया और उन्होने इसके लिए सीधे तौर पर विभाग की मनमानी तथा दबाव को जिम्मेदार ठहराया है। घटना जिले के पिपरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बिरकोना में संचालित शासकीय हाई स्कूल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिरकोना शासकीय हाई स्कूल में नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षकों को एफएनएल का चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें हर रोज की तरह प्रशिक्षण के तीसरे रोज शुक्रवार को भी मरका संकुल अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला धनौरा में पदस्थ शिक्षक लक्ष्मीकांत गुप्ता प्रशिक्षण लेने पहुंचे थे। वे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 58 शिक्षकों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर ही रहे थे कि अचानक उन्हें चक्कर आया और वे जमीन पर गिर पड़े। जिसके बाद हक्के-बक्के मौके पर उपस्थित दूसरे शिक्षकों ने उन्हें कवर्धा के एक निजी चिकित्सालय में पहुंचाया जहां प्रारंभिक जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### मनमाने ढंग से गांव-गांव में दिया जा रहा प्रशिक्षण



कहने को तो शिक्षा विभाग को बुद्धिजीवियों का विभाग कहा जाता है लेकिन इस विभाग में पदस्थ अधिकारी जिस ढंग से अपनी बुद्धि का परिचय देते हैं वह इनके विवेक पर कई सवाल खड़े करते हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि विभाग द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत गांव-गांव में किसी सरकारी स्कूल अथवा भवन में शिक्षकों को बुलाकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जहां न तो बिजली की सुविधा है और न ही दीगर आवश्यक सुविधाएं। अगर किसी गांव के भवन में बिजली रहती भी है तो वह गायब रहती है। ऐसे हालातों में शिक्षकों को प्रशिक्षण देना कहां तक समझदारी है समझ से परे है। जबकि अगर विभाग चाहे तो इन शिक्षकों को जिला मुख्यालय कवर्धा अथवा विकासखण्ड मुख्यालयों के किसी सुविधा युक्त भवन में प्रशिक्षण दे सकता है। हालांकि ऐसा करने में सभी शिक्षकों को प्रशिक्षित करने में कुछ समय अधिक लग सकता है लेकिन यह भी सही है कि सुविधाओं के आभाव में किसी शिक्षक की जान तो नहीं जाएगी।

### शिक्षकों पर विभागीय दबाव

बताया जाता है कि बिरकोना में प्रशिक्षण के दौरान जिस शिक्षक की मौत हुई है वह पहले से हृदय रोगी रहे हैं। लेकिन बावजूद इसकी ड्युटी चुनाव में भी लगाई गई थी और अब भीषण गर्मी में उन्हें प्रशिक्षण में भी बुलाया जा रहा था और वे भी विभागीय दबाव और कार्यवाही के डर से अपनी जान को जोखिम में डालकर प्रशिक्षण में शामिल होने मजबूर थे। जबकि विभाग और प्रशासन चाहता तो उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें चुनाव ड्युटी तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम से मुक्त कर सकता था।

### भीषण गर्मी के कारण ग्रीष्मकालीन अवकाश में वृद्धि लेकिन प्रशिक्षण चालू क्यों?

शासन ने पहले एक मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया था, लेकिन भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश को 25 जून 2024 तक बढ़ा दिया गया। अब प्रश्न उठता है कि जब भीषण गर्मी के कारण स्कूल 25 जून तक बंद कर दिया गया तो क्या प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षकों के लिए आखिर भीषण गर्मी व ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद भी शिक्षक प्रशिक्षण क्यों ?

# टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षक श्री गुप्ता के निधन पर दी श्रद्धांजलि

- प्रशिक्षण को तत्काल स्थगित कर जुलाई में करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोना में प्राथमिक शाला के शिक्षकों के चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण के दौरान ही प्राथमिक शाला धनौरा में पदस्थ सहायक शिक्षक के आकस्मिक निधन पर छग टीचर्स एसोसिएशन ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान ही प्रशिक्षण करने की अधिकारियों की जिद ने शिक्षकों को परेशान कर दिया है। प्रशिक्षण के दौरान ही शिक्षक के निधन से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि शिक्षक सालभर मानसिक कार्य करते हैं, जिन्हें ग्रीष्मकालीन अवकाश में ही आराम करने का मौका मिलता है, लेकिन प्रायः देखा जाता है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान भरी गर्मी में प्रशिक्षण रख दिया जाता है। इसके अलावा किसी न किसी अन्य कार्य से शिक्षकों को कई बार स्कूल आने के लिए बाध्य होना पड़ता है, जिससे शिक्षक परेशान रहते हैं। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, राजेश तिवारी, सुरतिया साहू, राकेश पाण्डे, सुशील चन्द्रवंशी, सुरेंद्र शर्मा, मनोज कौशिक, उमेश चन्द्रवंशी, भूपेंद्र जाटवर, राजकिरण चन्द्रवंशी आदि पदाधिकारियों ने बताया कि प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण के दौरान जिस शिक्षक का निधन हुआ है, वे पहले से ही हार्ट संबंधी समस्या से पीड़ित थे, जिन्हें डॉक्टर ने आराम करने की सलाह दिया था, लेकिन सेवा सुरक्षा के डर से अवकाश के बाद भी प्रशिक्षण में उपस्थित होना पड़ा। टीचर्स एसोसिएशन ने वर्तमान में जिले के सभी ब्लॉक में जारी एफएलएन प्रशिक्षण को तत्काल स्थगित कर आगामी जुलाई माह में करने की मांग किया है।

### प्रायः हर प्रशिक्षण में सुविधाओं का रहता है अभाव


प्रायः देखने में आता है कि शिक्षकों का प्रशिक्षण तो प्रारम्भ कर दिया जाता है, लेकिन न्यूनतम सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं कराया जाता है। यदि कोई शिक्षक सुविधा देने की मांग करता है, तो उन्हें कार्यवाही का भय दिखाकर चुप करा दिया जाता है।

### न्यायालय में किया गया योग



**कवर्धा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज जिला न्यायालय में न्यायाधीशगणों ने योग किया। प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के निर्देश पर जिला न्यायालय परिसर के एडीआर भवन में योग का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सभी न्यायाधीश, मजिस्ट्रेट एवं न्यायिक कर्मचारियों ने उत्साह से भाग लिया। योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में आज प्रात 7 बजे योगासन शुरू हुआ जिसमें ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, हस्तपादासन, पवनमुक्तासन, मकरासन आदि के साथ ही प्राणायाम कराया गया। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान ऑफ एक्शन माह जून 2024 के तहत प्रधान न्यायाधीश श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के निर्देश पर तालुका न्यायालय पंडरिया, जिला जेल कवर्धा सहित अलग-अलग स्थानों पर आज योगा आयोजन किया गया। जिला जेल में पीएलव्ही विजय नामदेव द्वारा योगासन कराया गया वहीं, पीएलव्ही दीनदयाल कौशिक द्वारा ग्राम पंचायत धमकी, श्रीमती चित्रेखा चौरे द्वारा गंगानगर आंगनबाड़ी कवर्धा, सालिक रामबांधवे द्वारा वार्ड नं. 14 पंडरिया में योग कराया गया।

# पंडरिया एसडीएम कार्यालय में नहीं है शौचालय





- प्रशाधन के लिए भटक रहे हैं कर्मचारी व आम लोग, दिआ तले अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पंडरिया के जिस अनुविभागीय कार्यालय में पूरे अनुविभाग की छोटी पड़ी समस्याएं सुनी जाती हैं और उनका समाधान किया जाता है, जिस अनुविभागीय कार्यालय के आला अधिकारी समय-समय पर संपूर्ण स्वच्छता और नगर के स्वच्छता अभियानो में शामिल होकर लोगों को स्वच्छता का संदेश देते हैं उसी अनुविभागीय कार्यालय पंडरिया में सार्वजनिक शौचालय तक नहीं है। यहां तक की कार्यालयीन कर्मचारियों को भी शौचालय के आभाव में प्रसाधन के लिए बाहर जाना पड़ता है। यहां बताना लाजिमी होगा कि पंडरिया अनुविभागीय कार्यालय में पूरे पंडरिया अनुविभाग से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के लोग अपने सरकारी कामकाज के सिलसिले में आते हैं। इसके अलावा विकासखण्ड स्तर के इस सबसे बड़े सरकारी दफ्तर में दर्जनो की संख्या में महिला, पुरूष अधिकारी कर्मचारी सेवारत हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि कार्यालय में न तो सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था है और न ही कर्मचारियों के लिए प्रशाधन का इंतजाम है। ऐसे में पुरूष तो फिर भी बाहर खुले स्थान को प्रसाधन के लिए उपयोग में ले आते हैं या फिर कार्यालय की दीवार की तरफ मुंह कर निवृत्त हो लेते हैं लेकिन कार्यालय तथा कार्यालय परिसर में शौचालय की व्यवस्था नहीं होने के कारण महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। समझ से परे है कि पंडरिया ब्लाक मुख्यालय में अनुविभागीय कार्यालय का संचालन होते वर्षो बीत चुके हैं लेकिन आज पर्यंत यहां पदस्थ जिम्मेदार आला अधिकारियों ने लोगों की मूलभूत सुविधाओं के साथ देश के प्रधानमंत्री के संपूर्ण स्वच्छता अभियान से जुड़ी इस सुविधा की ओर क्यों ध्यान नहीं दिया। कहने वाले इसी स्थिति को दिआ तले अंधेरा कहते हैं। कार्यालय के कर्मचारियों के साथ लोगों ने प्रशाधन की गंभीर समस्या को देखते हुए पंडरिया अनुविभागीय कार्यालय में जल्द से जल्द सार्वजनिक शौचालय के साथ कर्मचारियों के लिए प्रशाधन कक्ष निर्माण कराए जाने की मांग प्रशासन से की है।

### नेशनल लोक अदालत को लेकर बैठक



**कवर्धा।** नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई 2024 को समस्त न्यायालयों में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें अधिकाधिक प्रकरणों के राजीनामा व समझौते से निराकरण के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के द्वारा आज जिला न्यायालय में समस्त न्यायाधीशगण की बैठक ली गई। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा न्यायाधीशों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे मामले जो शमनीय प्रकृति के हां, चिन्हांकित किया जाकर, उनमें शीघ्र नोटिस जारी किए जाएं एवं 13 जुलाई की नेशनल लोक अदालत में उक्त प्रकरण रखें। यदि किसी प्रकरण में राजीनामा संभव हो तो, पक्षकारों की प्रीसिटिंग कर उन्हें राजीनामा के लिए प्रोत्साहित किया जाएं, पक्षकारों को बताया जाएं कि राजीनामा से आपके कीमती समय एवं धन की बचत तो होगी ही साथ ही आपका बैर भी समाप्त हो जाएगा। प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती दुबे द्वारा अधिकाधिक संख्या में प्रकरण 13 जुलाई के नेशनल लोक अदालत में रखे जाने एवं अधिक से अधिक संख्या में प्रीसिटिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही मीडियेशन में मामला रिफर करने के भी सुझाव दिए।

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जिले के दो दिवंगत सचिवों के परिवार को दिया त्वरित लाभ

# दिवंगत सचिवों के परिवारों को मिली उपादान राशि एवं अनुकंपा नियुक्ति आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं गृहमंत्री, पंचायत एवं ग्राम विकास विभाग विजय शर्मा ने ग्राम पंचायत सचिव के पद पर त्वरित रूप से अनुकंपा नियुक्ति के साथ उपादान की राशि का चेक प्रदान कर मानवता की नई मिसाल पेश की है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट भी उपस्थित थी। दिवंगत सचिव के परिवार के सदस्यों को छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा उपादान की राशि का चेक एवं अनुकंपा नियुक्ति आदेश प्रदान किया गया जो है जो परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण सहारे के रूप में है। ज्ञात हो की स्वर्गीय प्यारेलाल मेरावी सचिव संलग्न जनपद पंचायत बोड़ला की मृत्यु 8 मई 2024 को एवं स्वर्गीय नसरुद्दीन खान सचिव ग्राम पंचायत चांदैनी जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा की आकस्मिक मृत्यु 24 अप्रैल 2024 को हो गई थी। इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार जिला प्रशासन कबीरधाम द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण पर त्वरित कार्रवाई की गई है। सचिव स्वर्गीय श्री प्यारेलाल मेरावी की नॉमिनी श्रीमती गंगोत्री मेरावी निवासी ग्राम पंचायत बोरिया को उपादान की राशि 6 लाख 48 हजार 5 रुपए एवं पारस मरावी को ग्राम पंचायत सचिव के पद पर नियुक्त करते हुए जनपद पंचायत बोड़ला में पदस्थापना दिया गया है। इसी तरह स्वर्गीय सचिव नसरुद्दीन खान की नॉमिनी श्रीमती रुखसाना खान निवासी ग्राम पंचायत बचेडी को 6 लाख 48 हजार 5 रुपए उपादान की राशि प्रदान करते हुए उनके पुत्र श्री ताहिर खान को ग्राम पंचायत सचिव के पद पर पदस्थ करते हुए जनपद पंचायत स.लोहारा में पदस्थापना किया गया है।



# ब्लाक शिक्षा अधिकारी ने ली शैक्षिक समन्वयकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭स.लोहारा

विकासखंड स.लोहारा के 35 संकुल शैक्षिक समन्वयकों की आवश्यक बैठक 21 जून को विकासखंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार भास्कर द्वारा नगर के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में ली गई। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा शाला प्रवेश, शाला त्यागी, अप्रवेशी, प्रवेश उत्सव,गणवेश, पाठ्य पुस्तक वितरण, शाला सुरक्षा, छात्रवृत्ति, मध्यान भोजन, इंस्पायर अवार्ड, शिक्षक पुरस्कार, किचन गार्डन तथा विद्यालयों की मूलभूत सुविधा पर विस्तार से चर्चा करते हुए समस्त सीएसी को शिक्षकों की समयानुसार उपस्थित बच्चों का शत-प्रतिशत प्रवेश एवं उनका निश्चित ठहराव सुनिश्चित करने तथा शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु किए जाने वाले प्रयासों के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए शासकीय तथा अशासकीय विद्यालयों का नियमित मॉनिटरिंग करने कहा गया। इस अवसर पर देवेंद्र साहू एबीईओ तथा कन्हैया साहू बीआरसीसी एवं संस्था के प्राचार्य मनहरण तुर्कुले उपस्थित थे।

